हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 20.4 डिग्री

# बेमतलब की परीक्षा! पूरक में फेल हुए छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश, पहली बार मई में अतिरिक्त कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

14 साल बाद होने जा रही पांचवी-आठवीं की परीक्षा में फेल-पास का कोई अर्थ नहीं होगा। पास होने वाले छात्रों के साथ फेल होने वाले विद्यार्थियों को भी अगली कक्षा में दाखिले दिए जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा पांचवी-आठवीं की परीक्षा के संदर्भ में दिशा-निर्देश देते हुए जिला शिक्षा अधिकरियों को खत लिखा गया है। इसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पांचवी और आठवीं दोनों ही कक्षाओं की पूरक परीक्षाएं एक जून से प्रारंभ की जाएंगी। मुख्य परीक्षाओं में सभी विषयों में अनुत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों को भी पूरक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति होगी। यदि पूरक परीक्षा में कोई छात्र फेल हो जाता है तब भी उसे कक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। अर्थात किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों को फेल नहीं किया जाएगा।

- जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश में डीपीआई ने स्पष्ट किया

यदि सभी विषयों में छात्र को शून्य अंक हासिल होते हैं, तब भी उसे अगली कक्षा में दाखिला दिया जाएगा। केवल अंकसूची में ही इस बात का जिक्र रहेगा। इसका अगली कक्षा में प्रवेश पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

## पांचवी-आठवीं की परीक्षा में फेल-पास का कोई अर्थ नहीं, सभी छात्र करेंगे अगली कक्षा में प्रवेश

### अनावश्यक राशि व्यय

जब छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश प्रदान करना ही है, तो इतनी बड़ी राशि व्यय करने का अर्थ नहीं है। निजी स्कूलों से भी पांचवी में प्रति छात्र 55 रुपए और आठवीं में प्रति छात्र 60 रुपए की दर से राशि शासन ले रही है, जबकि हमें कहा गया था कि परीक्षाएं निशुल्क होंगी।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन



### केंद्र की व्यवस्था अपनाएं

केंद्र में परीक्षा के साथ ही पास-फेल सिस्टम की भी वापसी हुई है। केंद्र की व्यवस्था अपनाए जाने पर ही परीक्षा का सही उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।

- **संजय शर्मा,** अध्यक्ष, छग शिक्षक संघ

### मुख्य परीक्षा से पहले पूरक की तैयारी

मुख्य परीक्षा के परिणाम 30 अप्रैल को घोषित होंगे। पूरक परीक्षाएं एक जून से होंगी। जो छात्र मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाते हैं, उनके लिए पूरक परीक्षाओं की तैयारी करवाने विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। मई माह में ये कक्षाएं लगेंगी। इन कक्षाओं के लिए शेड्यूल सहित अन्य तैयारियां स्कूलों को अभी से करने कहा गया है, ताकि परिणाम के तुरंत बाद किसी तरह की समस्या नहीं आए। ऐसा पहली बार होगा, जब मई माह में भी छात्रों को स्कूल बुलाय जाएगा और शिक्षक अध्यापन कार्य करवाएंगे।

## एक उत्तरपुस्तिका जांचने पर मिलेंगे 2 रुपए, अधिकतम 40 की अनुमति दिनभर की कमाई 80 रुपए!

रायपुर। पांचवी कक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने वाले शिक्षक को एक उत्तरपुस्तिका के लिए केवल 2 रुपए का भुगतान किया जाएगा। वहीं आठवीं कक्षा की एक उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन करने वाले शिक्षक को 3 रुपए मिलेंगे। दोनों ही कक्षाओं के मूल्यांकनकर्ता एक दिन में अधिकतम 40 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर सकते हैं। इस तरह से 5वीं की कॉपियां जांचने वाले शिक्षक को एक दिन में अधिकतम 80 रुपए और 8वीं की कॉपियां जांचने वाले शिक्षक को 120 रुपए मिल सकेंगे। दोनों ही कक्षाओं का केंद्रीकृत मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन के लिए तय स्थान तक पहुंचने में ही इसमें से अधिकतर राशि व्यय हो जाएगी। ऐसे में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- पांचवी-आठवीं के मूल्यांकन कार्य के लिए दिशा-निर्देश जारी

### ऐसी रहेगी प्रक्रिया

- 30 मार्च से पांचवी कक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होगा।
- 4 अप्रैल से बारहवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं जांची जानी शुरू होगी।
- 15 अप्रैल तक दोनों ही कक्षाओं का मूल्यांकन पूर्ण करना होगा।
- 25 अप्रैल तक अंकसूची तैयार करनी होगी।
- 28 अप्रैल तक विकासखंड शिक्षा कार्यालयों के माध्यम से अंकसूची स्कूलों को प्रेषित करनी होगी।
- स्कूलों को 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करने होंगे।

### दशक पूर्व भी यही दर

पांचवी-आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं 2011 तक होती रही हैं। इस दौरान भी मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों को इतनी ही राशि दी जाती रही है। बीते 14 वर्षों में महंगाई कई गुना बढ़ गई, लेकिन शिक्षकों का मेहताना नहीं बढ़ाया गया है। इसे लेकर शिक्षकों में भी नाराजगी है। चूंकि मूल्यांकन सहित परीक्षा संबंधित अन्य कार्य अनिवार्य कार्य की सूची में आते हैं, इसलिए इसके लिए शिक्षकों द्वारा इनकार नहीं किया जा सकता है। मूल्यांकन में किसी तरह की त्रुटि होने पर जिला स्तरीय परीक्षा समिति शिक्षकों पर कार्यवाही करने के लिए अधिकृत रहेगी। उत्तरपुस्तिकाओं को परिणाम जारी होने के 3 माह तक सुरक्षित रखना होगा।

## खबर संक्षेप

### रोड पर जन्मदिन का केक काटा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

रायपुर। शहर के रायपुरा चौक मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित कर जन्मदिन का केक काटने वालों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना 27 जनवरी की है। मेनरोड पर इस दिन रोशन पांडे अपने लड़कों तथा अन्य लोगों के साथ मिलकर जन्मदिन का केक काट रहा था। इसके कारण इस मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। बीच रोड पर केक काटने का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इस विडियो फूटेज के आधार पर पुलिस ने केक काटने के दौरान शामिल सभी लोगों के विरुद्ध धारा 126 (2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।


### 40 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

रायपुर। मुजगहन पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 3 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि दतरेंगा चौक के पास एक व्यक्ति अपने पास बोरी में बड़ी मात्रा में शराब रखा हुआ है। पुलिस ने इसके बाद मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी सागर सोनवानी ग्राम डोमा मुजगहन का निवासी है। उसके कब्जे से बोरी बरामद की गई, जिसमें 40 पौवा देशी शराब थी, जिसकी कीमत लगभग साढ़े चार हजार रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### वाहन चोर गिरफ्तार

रायपुर। गुढ़ियारी पुलिस ने एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी प्रदीप साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके स्पलेंडर प्लस वाहन को 31 जनवरी को चंद्रा काम्पलेक्स के सामने पार्क किया था। इसी दौरान कोई उसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में शिवा बघेल निवासी अमलीडीह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की वाहन बरामद किया है।



### गांजा बेचने की फिराक में घूमते धरे गए 3 आरोपी

रायपुर। मुजगहन पुलिस ने गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कांदुल रोड पर कुछ युवकों के पास गांजा है, जिसे बेचने के फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस ने इसके बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी रोहन उर्फ पिंटू शर्मा, गोपाल आसुदानी एवं कमल किशोर वैष्णव को गिरफ्तार कर तीनों के कब्जे से 2 किलो 776 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके अलावा नकद दो हजार रुपए एवं 3 मोबाइल भी जब्त किए। इस मामले में तीनों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।





- स्टेडियम में भी दर्शकों को मिलेगा टिकट, पीने का पानी घर से ले जाना होगा
- शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बदली गई कुर्सियां
- कल ओपनिंग सेरेमनी के बाद छत्तीसगढ़ और दिल्ली के बीच होगा मुकाबला


# क्रिकेट स्टेडियम में दर्शकों के लिए 6 हजार नई कुर्सियां, आज पहुंचेंगे 6 टीमों के लीजेंड खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। इससे पहले स्टेडियम में खराब हो चुकी 6 हजार कुर्सियां को बदलकर नया लगाया गया है। अब अपर सीट के दर्शक आरामदायक नई कुर्सी में मैच का आनंद उठाएंगे। स्टेडियम में लंबे समय से कुर्सियां बदली नहीं गई थीं। लीग टूर्नामेंट से पहले व्यवस्था को बेहतर कर लिया गया है।

हरिभूमि ने मंगलवार को स्टेडियम का जायजा लिया। लीजेंड 90 लीग को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। क्रिकेट के लिए पिच को तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा लंबी घास को भी मशीन के जरिए काटा जा रहा। बता दें कि आज सुबह से सभी 6 टीमों के 60 से अधिक खिलाड़ी रायपुर पहुंचने लगेंगे। संभवतः छत्तीसगढ़ और दिल्ली की टीम शाम को अभ्यास करेगी। मैदान के चारों और लाइट सिस्टम लगाया जा रहा है। आईपीएल की तर्ज पर दर्शकों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी।



### स्टेडियम में नहीं रहेगी खाने की सुविधा

मैच के दौरान इस बार दर्शकों के लिए खाने की सुविधा नहीं रहेगी। पानी लेकर साथ में लेकर आना होगा। लीजेंड 90 लीग में दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले दिन के लिए टिकट खरीदी जा रही है। स्टेडियम में ऑफलाइन भी टिकट मिलेगी। आयोजक द्वारा व्यवस्था बनाई जा रही है। ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले दर्शक टिकट को स्कैन करवाकर सीधे स्टेडियम में प्रवेश करेंगे।

### शहर के होटल में रहेंगे खिलाड़ी

खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था शहर के भीतर की गई है। क्रिकेट जगत के कई पूर्व अनुभवी सितारे प्रशंसकों को रोमांचित करते नजर आएंगे। बता दें कि 6 से 17 फरवरी तक मैच रायपुर में खेला जाएगा। अधिकांश दिनों में डबल-हेडर मैच निर्धारित होने के कारण टूर्नामेंट क्वालीफायर की ओर बढ़ेगा और 17 फरवरी को ग्रैंड फिनाले में समाप्त होगा। डबल-हेडर मैच में पहला मैच शाम 4 बजे से रात 7 तक चलेगा, जिसके बाद दूसरा मैच रात 7 के बाद रात 10 तक चलेगा। एक मैच लगभग तीन घंटे का होगा। लीजेंड 90 लीग में 90 बॉल अर्थात 15 ओवर का मैच होगा। क्रिकेट का नया फार्मेट रायपुर में देखने को मिलेगा। 15 ओवर का मैच होने से यह क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करेगा।

### ऊपर और लोअर सीट की बुकिंग अधिक

लीग में सबसे सस्ती टिकट 100 रुपए है, तो वहीं अधिकतम कीमत 1000 रुपए है। ऊपर की ओर सीट 100 में मिलेगी, तो वहीं लोअर सीट 250 और सिल्वर 500 और गोल्ड 750 रुपए रखा गया है। 1000 रुपए प्लेटिनम टिकट तय किया गया है। स्टेडियम में ऊपर और लोअर सीट की बुकिंग अधिक बताई जा रही है। अधिक से अधिक दर्शक मैच देखने पहुंचे, इसलिए लीग मैच की टिकट को सस्ती रखी गई है। सभी टीम 6 मैच खेलेगी।



### ओपनिंग सेरेमनी में तमन्ना भाटिया की प्रस्तुति

लीग की ओपनिंग सेरेमनी भव्य रूप से स्टेडियम में होगी, जिसमें बॉलीवुड़ एक्टर तमन्ना भाटिया, हुमा कुरैशी, आयुष्मान खुराना, साथ ही गायक विशाल मिश्रा, सोनू निगम, हार्डी सन्धु जैसे सितारे व छालीवुड के सितारे परफॉर्मेंस देंगे। आईपीएल की तर्ज पर लोगों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी।

## रीएजेंट घोटाला, पूछताछ के लिए 10 तक बढ़ाई गई मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी की कस्टडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अरबों रुपए के रीएजेंट तथा उपकरण घोटाला में गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की कस्टडी 10 फरवरी तक बढ़ाई गई है। मंगलवार को रिमांड के अंतिम दिन ईओडब्लू की टीम ने उसे विशेष अदालत में पेश किया। पूछताछ बाकी होने तथा घोटाले में अन्य लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी जुटाने शशांक की रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की गई थी, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया।

- तीन आईएएस अफसरों का भी ईओडब्लू कार्यालय में बुलावा, होगी पूछताछ

इस मामले में ईओडब्लू द्वारा सीजीएमएससी से जुड़े तीन अधिकारी वर्तमान एमडी पद्मिनी भोई साहू, पूर्व एमडी चंद्रकांत वर्मा तथा तात्कालीक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भीम सिंह को पूछताछ के लिए ईओडब्लू बुलाने ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दो अफसरों पर कस सकता है शिकंजा

सूत्रों के अनुसार इस मामले में दवा कार्पोरेशन से जुड़े दो टेक्निकल अफसरों पर आने वाले दिनों में शिकंजा कसने की उम्मीद है। शशांक चोपड़ा से पूछताछ के दौरान अरबों रुपए की रीएजेंट तथा उपकरणों की खरीदी की साजिश में बराबर का योगदान होने का पता चला है। इसके अलावा स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े अधिकारियों का भी इस बड़ी गड़बड़ी में लिंक होने का संदेह है। ईओडब्लू द्वारा मामले में दवा कार्पोरेशन के साथ स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों को भी संदेहियों की सूची में शामिल किया गया है।

### 80 हजार में पड़ा ब्लड कुरियर बॉक्स

सीजीएमएससी के अधिकारियों उपकरणों की खरीदी ऊंचे दामों में करने की आदत पुरानी है। घोटाले के अवधि में उनके द्वारा ब्लड के सैंपल ले जाने वाले 3742 ब्लड कुरियर बॉक्स की खरीदी की गई थी। खुले बाजार में अच्छी से अच्छी क्वालिटी का बाक्स दस हजार रुपए तक मिल जाती है। अफसरों की मनमानी ऐसी थी कि इसकी कीमत 80 हजार रुपए तय की गई। सप्लाई की जिम्मा सीबी कार्पोरेशन को दिया गया। इस कंपनी के तार भी मोक्षित से ही जुड़े हुए थे। मनमाने दाम में खरीदी के लिए दवा कार्पोरेशन द्वारा एक दो उपकरणों के लिए भी यह आर्डर जारी किया।

## जुनेजा ने कहा- राष्ट्रपति कलर अवॉर्ड छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए सबसे बड़ा अचीवमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा ने शाम को नए डीजीपी अरुणदेव गौतम को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहां मौजूद पीएचक्यू के अधिकारियों ने भी अरुण देव गौतम को नया डीजीपी बनने पर बधाई दी। श्री जुनेजा ने इस अवसर पर अफसरों से कहा, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था सुदृढ़ की गई, अपराध नियंत्रण किया गया जो सराहनीय है। वर्ष 2024 में नक्सली क्षेत्र में किए गए कामों में उपलब्धियां मिली हैं। नक्सलियों के खिलाफ एक्शन प्लान लगातार मॉनिटरिंग और इंप्लीमेंट से उसके परिणाम अच्छे आए।

उन्होंने कहा, कई शीर्ष नक्सलियों को हमने ढेर किया और कई नक्सलियों ने सरेंडर किया। कई बड़े नक्सली गिरफ्तार हुए। छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी चुनौती नक्सलवाद है। पहले हम नक्सलियों को ज्यादा डैमेज नहीं कर पाते थे, लेकिन इस वर्ष हमने बड़े नक्सलियों को मार गिराया है। राष्ट्रपति कलर अवॉर्ड छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए अब तक का सबसे बड़ा अचीवमेंट है। पुलिस मुख्यालय में डीजीपी का पदभार बुधवार को लेंगे।

### वर्ष 2024 में नक्सली क्षेत्र में किए गए कामों में उपलब्धियां मिलीं




- अशोक जुनेजा सहित पीएचक्यू में अधिकारियों ने नए डीजीपी अरुण देव गौतम को दी बधाई

### पुलिस में वक्त का पाबंद होना जरूरी

श्री जुनेजा ने कहा, हमने नक्सल क्षेत्र में रणनीति बदली, जवानों से बात की और इसका असर भी देखने को मिला। नक्सलियों को इससे बड़ा नुकसान हुआ। अपनी नई भूमिका को लेकर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, पुलिस विभाग में वक्त का पाबंद और अनुशासन का होना जरूरी है। यही आपकी सफलता का राज है और इसका कोई विकल्प नहीं है। मैं बोलने से ज्यादा करने में विश्वास रखता हूं।

### मुख्यमंत्री ने जुनेजा को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मंगलवार को मंत्रालय में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री जुनेजा को शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घकालिक सेवा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, श्री जुनेजा ने अपनी दीर्घ सेवा अवधि के दौरान पुलिस बल को अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित गुप्ता और मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे।

## कवासी लखमा की अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला मामले में फंसे प्रदेश के पूर्व आबकारी मंत्री व कांग्रेस विधायक कवासी लखमा की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा है, जिसे बुधवार को खोलकर सुनाया जाएगा।



कवासी लखमा की 14 दिनों की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने उसे विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश किया। कवासी लखमा की ओर से वकील ने उनकी अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई हुई है। पूर्व मंत्री को आशंका है कि ईडी के बाद इस मामले में ईडब्ल्यूओ भी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। इसे देखते हुए उन्होंने पहले ही अग्रित जमानत की याचिका लगा रखी है। इस अर्जी पर कोर्ट में दोनों पक्षों की ओर से वकीलों ने तर्क दिए, जिसे सुनने के बाद कोर्ट ने निर्णय को सार्वजनिक नहीं करते हुए फिलहाल बंद लिफाफे में सुरक्षित रखा है। इस लिफाफे को बुधवार को खोला ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 18 फरवरी तक बढ़ी न्यायिक रिमांड

शराब घोटाले में कवासी लखमा की न्यायिक रिमांड 18 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। वीडियो कांफ्रेसिंग के दौरान अभियोजन पक्ष ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। इसे देखते हुए 14 दिन की न्यायिक रिमांड बढ़ाने की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर रिमांड अवधि बढ़ा दी है।

## विवादित पनीर जांच में अमानक, मिलावटी गुड़ की रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस स्टैण्ड के बाद रेलवे स्टेशन में नकली होने के संदेह में पकड़ाया पनीर सब स्टैण्डर्ड का मिला। लैब में भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट जांच टीम को मिली है। पनीर की जब्ती के बाद विभागीय अफसर की लापरवाही के कारण मामला विवादों में आ गया था। वहीं कबीरधाम जिले में पकड़े गए मिलावटी गुड़ की जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने की थी कार्रवाई

अधिकारियों के मुताबिक जांच रिपोर्ट में अमानक मिलने के बाद पनीर को नष्ट करने की प्रक्रिया पूरी की गई है और प्रकरण तैयार कर उसे जिला दंडाधिकारी की कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने काफी मात्रा में बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन में पनीर पकड़ा था। पनीर की जब्ती के बाद रेलवे स्टेशन की खेप गायब हो गई थी, जो बाद में नाटकीय तरीके से वापस मिला और उसकी जांच के लिए नमूने लेने की प्रक्रिया पूरी हुई थी। मामले में लापरवाही पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री का आज कोरबा और रायगढ़ में रोड शो

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा का बड़ा फोकस दस नगर निगमों पर है। भाजपा सभी निगमों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इन नगर निगमों के लिए ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो की योजना तैयार की गई है। बुधवार को पहले 12 बजे से कोरबा में रोड शो होगा। इसके बाद तीन बजे रायगढ़ में रोड शो किया जाएगा। अंत में चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर और धमतरी में 9 फरवरी को रोड शो किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव में प्रचार का पूरा जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के स्थानीय नेताओं पर ही है। चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की कोई सूची भी जारी नहीं की गई है। ज्यादातर स्थानों में स्थानीय नेताओं के साथ प्रदेश के मंत्रियों की सभाएं होंगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो कराने का फैसला किया गया है। चुनाव प्रचार थमने से पांच दिन पहले से रोड शो का प्रारंभ होगा। पहले दिन पांच फरवरी को कोरबा और रायगढ़ में रोड शो होगा। इसके बाद दूसरे दिन छह फरवरी तो राजनांदगांव, सात फरवरी को चिरमिरी, अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर और अंत में 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो होगा। इन रोड शो में उन नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले प्रदेश के नेताओं के साथ ही उन निगमों के प्रभारी मंत्री भी शामिल रहेंगे।

### भाजपा ने तारीख बताकर वादों को पूरा किया, कांग्रेस ने पांच साल जनता को छला

**रायपुर।** कांग्रेस के आने वाले नगरीय निकाय के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, ये घोषणा पत्र केवल और केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए लेकर आते हैं। पांच साल सरकार में रहे अपने घोषणा पत्र के 36 वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किए। कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल छलावा और झूठ का पुलिंदा ही होने वाला है, यह सभी को पता है और हमने जो कल अटल विश्वास पत्र घोषित किया है, जैसे हमने मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा की है और वैसे ही अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को भी पूरा करेंगे। भाजपा ने अपने वादों को तारीख बताकर पूरा किया है, जबकि कांग्रेस ने पांच साल तक प्रदेश की जनता को छलने का काम किया है। श्री साव ने कहा, हम छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष मना रहे हैं, और हमारी सरकार ने इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। सभी नगरीय निकायों में हम अटल परिसर का निर्माण कर रहे हैं। इसलिए हमने नगरीय निकाय के संकल्प पत्र को हमने अटल विश्वास पत्र का नाम दिया है, जो कहा है वह करके रहेंगे। श्री साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है। जो कहा था उसकी तिथि भी बताई थी और उस तिथि को किया। चाहे प्रधानमंत्री आवास का मामला हो या किसानों के दो साल पुराना बोनस का मामला हो, हमने मोदी की सारी गारंटी को पूरा किया है। इसी तर्ज पर अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को पूरा करेंगे, शहरों को स्वच्छ-सुंदर और विकसित बनाएंगे।

### भाजपा प्रत्याशी गिदवानी ने किया नए कार्यालय का उद्घाटन

**रायपुर।** पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-57 से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अमर गिदवानी ने चुनावी जनसंपर्क अभियान में मंगलवार को अपने कटोरा तालाब स्थित मुख्य कार्यालय से पेंशनबाड़ा होते हुए चपरासी लाइन, बाबू लाइन, यादवपारा, अरविंद नगर से होते हुए कार्यालय तक फिर शैलेंद्र नगर मंगलमूर्ति भवन से होते हुए एवन बेकरी के आसपास के क्षेत्र में घर-घर जाकर वोट मांगे। जनता द्वारा बताई गई सभी समस्याओं को सुनते हुए वार्ड में नए विकास कार्यों की चर्चा की और चुनाव जीतने के उपरांत वार्ड के सभी वर्ग के लोगों एवं नए हितग्राहियों तक आवास, साफ-सफाई व अन्य सभी सुविधाएं लोगों तक जल्द से जल्द पहुंचाने का वादा किया। इस दौरान बैरन बाजार, फौवारा चौक पर नए कार्यालय का उद्घाटन भी किया।

**चुनाव :** 17 वार्ड में जातिगत समीकरण, मतदाताओं को साधने के लिए उम्मीदवार बना रहे रणनीति

# आरंग नपाध्यक्ष पद में त्रिकोणीय मुकाबला वार्ड 2 में पार्षद के लिए 5 उम्मीदवार मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका परिषद चुनाव 2025 में अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला काफी रोमांचक होने जा रहा है। उम्मीदवारों में कांग्रेस के मंगलमूर्ति अग्रवाल, भाजपा के डॉ. संदीप जैन, निर्दलीय प्रत्याशी जनक राजू साहू (सीटी छाप), निर्दलीय प्रत्याशी रमेश तिवारी (ट्रक छाप), निर्दलीय प्रत्याशी श्रीकांत बंजारे (कांच का गिलास), निर्दलीय प्रत्याशी कैलाश धृतलहरे (बाल्टी) चुनावी मैदान में है। वहीं असल मुकाबला भाजपा के संदीप जैन, कांग्रेस के मंगलमूर्ति अग्रवाल और निर्दलीय प्रत्याशी रमेश तिवारी में ही है। वहीं चौथे निर्दलीय जनक राजू साहू भी चुनावी मैदान में रहकर अपने समाज के वोट की आशा में होंगे। प्रचार-प्रसार में उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंक दी है। नपा के 17 वार्ड में जातिगत समीकरण में जाए तो सबसे अधिक साहू समाज के मतदाता है उसके बाद लोधी, जलक्षत्री, सोनकर, अनुसूचित जाति है। अन्य समाज में यादव, पटेल, चंद्राकर, ब्राम्हण, अग्रवाल, गुप्ता, सोनी, देवांगन, सिंधी व मुस्लिम समाज भी है। सभी समाज के मतदाताओं को साधने के लिए उम्मीदवार अलग-अलग रणनीति बना रहे है। वार्ड क्र. 01 में खिलावान निषाद कांग्रेस और रितेश साहू भाजपा में सीधा मुकाबला। वार्ड क्र. 02 में पांच उम्मीदवार मैदान में है। इनमें राममोहन लोधी कांग्रेस, शैलेंद्र लोधी भाजपा, उमाकांत यादव शिव सेना, दाऊलाल लोधी निर्दलीय, दुर्गेश लोधी निर्दलीय। वार्ड क्र. 03 में सीधा मुकाबला नरेंद्र लोधी भाजपा और सतीश लोधी कांग्रेस के बीच में है। वार्ड क्र. 04 में भी सीधा मुकाबला चेतन जलक्षत्री भाजपा और ईश्वर पटेल कांग्रेस के बीच में है। वार्ड क्र. 05 में दीक्षा सोनकर कांग्रेस और सरस्वती जलक्षत्री भाजपा के बीच में सीधा मुकाबला है। वार्ड क्र. 06 में कमला अशोक चंद्राकर भाजपा, लक्ष्मी दीपक चंद्राकर कांग्रेस और खुशबु शर्मा शिवसेना के बीच में त्रिकोणीय संघर्ष है।



**इन वार्डों में भाजपा-कांग्रेस को टक्कर देंगे निर्दलीय उम्मीदवार**

वार्ड क्र. 07 में समीर गोरी कांग्रेस और सुनील नेभवानी भाजपा में सीधा संघर्ष है। वार्ड क्र. 8 में भानमति राकेश सोनकर भाजपा, गौरी बाई देवांगन कांग्रेस और रेखा देवांगन निर्दलीय, सरोजनी गंगाराम साहू निर्दलीय में चतुष्कोणीय संघर्ष है। वार्ड क्र. 09 में त्रिकोणीय मुकाबला दिनेश्वर पप्पू तंबोली कांग्रेस, पुष्कर साहू भाजपा, राधेश्याम साहू निर्दलीय के बीच में है। वार्ड क्र. 10 में भी त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। जिसमें कुलदीप कमल लोधी कांग्रेस, संतोष लोधी भाजपा, करण लोधी निर्दलीय है। वार्ड क्र. 11 में एक महिला उम्मीदवार की उपस्थिति ने मुकाबला को त्रिकोणीय बना दिया है। इनमें बलराम पाल कांग्रेस, वीरेंद्र गोलू कंडरा भाजपा एवं महिला उम्मीदवार भानबाई ईश्वर निषाद निर्दलीय है। वार्ड क्र. 12 में त्रिकोणीय संघर्ष है। इनमें राजेश्वरी साहू कांग्रेस, सुनीता विनायक धुरंधर भाजपा, तुलसी निषाद निर्दलीय है।

**वार्ड 14 में चतुष्कोणीय मुकाबला**

वार्ड क्र. 13 में सीधा मुकाबला अमरौतीन जय डहरिया कांग्रेस और चित्रलेखा विक्रम परमार भाजपा के बीच में है। वार्ड क्र. 14 में चतुष्कोणीय मुकाबला है। इनमें नागेश विश्वकर्मा भाजपा, शरद कुमार गुप्ता कांग्रेस, गजेंद्र दीपक निर्दलीय, मोहन दास मोनू निर्दलीय है। वार्ड क्र. 15 में ध्रुव कुमार मिर्धा भाजपा और सुनील कुमार बघेल गोलू कांग्रेस के बीच में सीधा मुकाबला है। वार्ड क्र. 16 में कमला मोरध्वज साहू कांग्रेस, सेवती तोषण साहू भाजपा और लुकेश्वरी यादव निर्दलीय में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति है। वार्ड क्र. 17 में चार उम्मीदवार रहने से गणेश बांधे कांग्रेस, हिरामन कोसले भाजपा, धर्मेंद्र धृतलहरे निर्दलीय, सतनाम सिंग भरद्वाज निर्दलीय के बीच में चतुष्कोणीय मुकाबला है।

## गौ तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग पुलिस ने गौ तस्करी के मामले में 02 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को शिवम ठाकुर अपने साथी गौसेवक भानू पांडे के साथ निजी कार्य से ग्राम कुकरा संडी की ओर जा रहे थे। प्रातः करीबन 09 बजे उन्होंने ग्राम कुकरा-संडी के मध्य नहर के पास वाहन टाटा एस क्र. सीजी 04 एलई 3465 में दो लोगों को बडी बेदर्दी से चार मवेशियों को ठूस–ठूसकर भरकर तस्करी हेतु तेज रफ्तार से ले जाते देख वाहन को रूकवाये तथा फोन से साथी गौ सेवक आदेश सोनी, ईश्वरी साहू, डोमेंद्र साहू, नरेंद्र साहू को सूचना दे कर बुलाये। उक्त टाटा एस वाहन में तीन नग बछडा जो कृषि कार्य करने योग्य नहीं है और एक नग गाय जो बूढी हो गयी है थी। दोनों व्यक्ति मवेशियों को अवैध रूप से परिवहन कर ले जाने के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगे तथा कोई कागजात नही दिखाने पर उन लोगो को पूरा संदेह हुआ कि दोनों लोग उक्त मवेशियों को अवैध रूप से परिवहन कर गौ तस्करी के लिए ले जा रहे है तथा हमारी धार्मिक भावना को आहत पहुंचा रहे है। तब उन लोगों ने दोनों व्यक्तियों को पकडकर तथा मवेशियों को उक्त टाटा एस वाहन में थाना लेकर आए, जिस पर अप.क्र. 70/2025 धारा 4, 6, 10 कृषक पशु परिक्षण संशोधन अधिनियम 2011 व 299 बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी वाहन चालक बालकृष्ण साहू उम्र 53 वर्ष सा. बनचरौदा (आरंग) व आरोपी संजय टंडन पिता बाबूलाल टंडन उम्र 34 वर्ष अकोलीखुर्द (आरंग) को गिरफ्तार किया गया है। आपको बता दे कि आरोपी संजय टंडन पूर्व में भी मवेशी चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है, तथा आरोपी संजय टंडन के विरूद्ध चोरी तथा आबकारी अधिनियम के तहत अपराधिक प्रकरणथाना आरंग मे दर्ज है।

## भाजपा से संजय व कांग्रेस से वतन ने भरा नामांकन



**आरंग।** जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्र. 14 के लिए भाजपा ने संजय शर्मा कबीर पर विश्वास जताया है, वही कांग्रेस ने युवा नेता वतन चंद्राकर को चुनावी मैदान पर उतारा है। भाजपा प्रत्याशी संजय शर्मा कबीर नामांकन दाखिल करने गाजे–बाजे के साथ, सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ आतिश बाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। वही वतन चंद्राकर की नामांकन रैली में बड़ी संख्या में युवा साथियों और कांग्रेस के ब्लॉक, जिला स्तर के पदाधिकारियों की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। दोनों प्रत्याशी पूर्व जनपद सदस्य चुनाव मे जीत हासिल कर चुके हैं। अब देखना यह है कि मतदाताओं का समर्थन इस बार किसे मिलता है। क्षेत्र क्र. 14 के भाजपा प्रत्याशी संजय शर्मा कबीर और कांग्रेस प्रत्याशी वतन चंद्राकर गांव–गांव में दौरा कर अपने पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है।




## जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 152 लोगों ने दाखिल किया नामांकन

**अभनपुर।** जनपद पंचायत अभनपुर अंतर्गत त्रिस्तरीय चुनाव के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में अपना नामांकन दाखिल किया है। जनपद सदस्य के 25 सीटों के लिए 152 लोगों ने नामांकन भरा है। वहीं 93 पंचायतों के सरपंच पद के लिए 512 लोगों ने एवं वहीं 1428 पंच पद के लिए 3046 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। 6 फरवरी तक नामांकन वापसी का समय है।

इस दौरान मान मनुव्वल व अपने समर्थन में प्रत्याशियों को बैठाने का दौर चल रहा है इस बार अभनपुर क्षेत्र के त्रि स्तरीय चुनाव में भारी सरगरमी देखी जा रही है। भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख पार्टियों के स्थानीय बड़े नेताओं के पुत्र चुनाव मैदान में हैं। वहीं वर्षों से पार्टियों में काम करने वाले प्रमुख चेहरे जिला पंचायत व जनपद सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे है, पार्टियां भले ही जिला पंचायतो के लिए पार्टी समर्थित प्रत्याशियो की सूची जारी की गई है लेकिन स्थानीय कार्यकर्ता संगठन स्तर से घोषित प्रत्याशियो को स्वीकार नहीं कर रहे हैं तथा स्थानीय समीकरण के हिसाब से कई लोग अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आंबटित होते ही चुनावी सरगरमी एकाएक बढ़ेगी।

## सशिमं तरपोंगी में हुआ शिशु संगम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी



ग्राम भारती जिला रायपुर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी में शिशु संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्र कुमार डडसेना प्रांतीय सेवा संस्कार प्रमुख छत्तीसगढ़ प्रांत थे। अध्यक्षता दाऊ सुरेंद्र कुमार कश्यप अध्यक्ष शारदा शिक्षण समिति तरपोंगी किया। विशिष्ट अतिथि रतनलाल चक्रधर प्रांतीय सदस्य सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रांत, पुनाराम वर्मा अध्यक्ष ग्राम भारती जिला रायपुर, सुरेंद्र नशीने सचिव ग्राम भारती जिला रायपुर, डोमार सिंह वर्मा कोषाध्यक्ष ग्राम भारती जिला रायपुर, तोषण लाल साहू, सहसचिव ग्राम भारती जिला रायपुर, गजेंद्र कुमार वर्मा सचिव शारदा शिक्षण समिति तरपोंगी, प्रफुल्ल गिरी गोस्वामी कोषाध्यक्ष शारदा शिक्षण समिति तरपोंगी, शिव कुमार हनुमन्ता सदस्य शारदा शिक्षण समिति तरपोंगी, डॉ दिनेश वर्मा समाज सेवक, नरेंद्र कुमार वर्मा उपाध्यक्ष शारदा शिक्षण समिति तरपोंगी, तुलसीराम वर्मा सदस्य शारदा शिक्षण समिति तरपोंगी, सोना वर्मा सदस्य जिला पंचायत रायपुर, रेवाराम सोनी सदस्य ग्राम भारती जिला रायपुर, सीताराम यादव सदस्य ग्राम भारती जिला रायपुर, भूपेंद्र वर्मा गनियारी, कीर्तनी वर्मा सदस्य ग्राम भारती जिला रायपुर के उपस्थिति में सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। जिसमें 31 विद्यालय के भैया बहन प्रधानाचार्य संरक्षक आचार्य दीदी एवं समिति सदस्य गण कुल 450 की संख्या में सम्मिलित हुए उद्घाटन सत्र के पश्चात भैया बहनों द्वारा विभिन्न वेशभूषा में झांकी के साथ नगर भ्रमण किया।

24 विद्यालय से भैया बहनों द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम एवं 27 विद्यालय से रंगारंग एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिशु संगम कार्यक्रम प्रभारी टीकाराम धीवर प्रधानाचार्य रीवा, मुकेश कुमार साहू जिला समन्वयक रायपुर, संकुल प्रमुख कामदेव साहू दोंदेकला संकुल, तुलसीराम वर्मा तुलसी संकुल, थानेश्वर सोनवानी सहायक, गंगूराम वर्मा कनकी संकुल, विष्णु चंद्राकर रीवा संकुल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## किरण देव बोले- अब कांग्रेस ने भी किया भूपेश बघेल से किनारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान का हवाला देते हुए कहा, अब कांग्रेस ने भी भूपेश बघेल से किनारा कर लिया है। यह बात डॉ. चरण दास महंत के उस बयान से साबित होती है जिसमें डा. महंत ने अगला विधानसभा चुनाव पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ने की बात की है। श्री देव ने कहा, कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार-केंद्रित है। कांग्रेस नेताओं का संकल्प भ्रष्टाचार करना ही है। कांग्रेस की यह विचारधारा भूपेश बघेल और एजाज ढेबर को बनाती है, फिर उसे यूज एण्ड थ्रो कर देती है, फिर नए बघेल और ढेबर तलाशती है जो जनता से लूट कर सकें। श्री देव ने कहा, यही कांग्रेस की विचारधारा है। कांग्रेस के डीएनए में रचा-बसा भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा, चाहे नेतृत्व कांग्रेस में कोई भी करे।

कांग्रेस को अपने नित-नए एटीएम खोलने वाले नेता चाहिए, वह कौन होगा, कांग्रेस को उससे कोई मतलब नहीं है। श्री देव ने कहा, प्रदेश की जनता ने इस बात को माना था कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ, घपले-घोटाले हुए।

## सशिमं में मनाई गई बसंत पंचमी



रायपुर। सरस्वती शिशु मंदिर माना कैंप में 3 फरवरी को बसंत पंचमी एवं विद्यारंभ संस्कार मनाया गया। जिसमें प्राचार्य प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य परिवार सम्मिलित थे।

## भाजपा प्रत्याशियों ने भरा नामांकन



**तिल्दा नेवरा।** जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र क्रमांक 6 और 7 के लिए भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। जहां क्षेत्र क्रमांक 6 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी अनुराधा वर्मा तो वहीं क्षेत्र क्रमांक 7 से स्वाती वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान प्रत्याशी अनुराधा वर्मा के साथ मंत्री टंक राम वर्मा और अन्य भाजपा कार्यकर्ता उनके समर्थन में मौजूद थे। वहीं भाजपा प्रत्याशी स्वाती वर्मा के नामांकन दाखिले के दौरान उनके साथ छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा सहित अन्य भाजपाई भारी संख्या में मौजूद रहे। भाजपा की दोनों ही प्रत्याशियों अनुराधा वर्मा और स्वाती वर्मा को अच्छा खासा जनसमर्थन मिल रहा है।

**भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद बृजमोहन हुए शामिल**

# प्रत्येक कार्यकर्ता विकास और राष्ट्रसेवा का संकल्प के साथ आगे बढ़ रहाः गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद/आरंग



रायपुर लोकसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त व आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश देवांगन सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रावणभाठा मैदान मंदिर हसौद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक और ऊर्जावान रहा। इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता विकास और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। यह चुनाव केवल जीतने का नहीं, बल्कि जनसेवा के स्वर्णिम अध्याय लिखने का अवसर है। 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' संकल्प के साथ हम प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका में देखना चाहते हैं। उन्होने कार्यकर्ताओं से अपील की कि हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए जुटना होगा। भाजपा की नीति और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को जनता तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।



**प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है**

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम और समर्पण से ही हम हर चुनाव में विजय प्राप्त करते हैं। हमें जनता के बीच जाकर मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताना है। 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को आत्मसात कर हमें प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना होगा। उन्होंने आगे कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड और बूथ में मजबूती से कार्य करें। जनता का समर्थन हमें तभी मिलेगा जब हम संगठन की योजनाओं को सही तरीके से लोगों तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, मंदिर हसौद अध्यक्ष प्रत्याशी संदीप जोशी, पार्षद प्रत्याशी मुकेश सोनी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय बजट किसान छात्र और युवा विरोधी

**धरसींवा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने केन्द्रीय बजट की आलोचना की और इसे किसान , छात्र और युवा विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एमएसपी पर कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई। किसानों की लंबे समय से मांग रही है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए, लेकिन बजट में इस पर कोई स्पष्ट घोषणा नहीं हुई है। कृषि सब्सिडी में कटौती की गई है, जिससे खाद उर्वरक और अन्य कृषि इनपुट्स पर सब्सिडी में कमी से किसानों की लागत बढ़ सकती है। ऋण माफी पर केंद्र सरकार ने कोई पहल नहीं की, जबकि कई राज्यों में किसानों की कर्ज माफी की मांग कर रहे है। वहीं सिंचाई और जल प्रबंधन की भी अनदेखी की गई है, छोटे और मध्यम किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करने पर कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। फसल बीमा योजना में कोई सुधार नहीं की गई है, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कोई नया कदम नहीं उठाया गया है। कई किसानों को फसल बीमा का लाभ नहीं मिलता, नीति में सरलीकरण होना था, फसल नुकसान का आधार खसरा को बनाया जाना था, लेकिन इस पर कोई विचार नहीं किया गया। वैश्विक बाजारों में भारतीय कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त नीतियां नहीं लाई गई है। इधर कृषि के क्षेत्र में निजीकरण का प्रभाव भी बढ़ता जा रहा है। किसानों को डर है कि निजी निवेश के बढ़ने से वो बड़े कॉर्पोरेट्स के दबाव में आ सकते हैं। बजट में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चिंताओं को भी नजरअंदाज किया गया है, सूखा, बाढ़ और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या से निपटने के लिए किसी भी विशेष योजनाओं की घोषणा नहीं की गई है।

# भाजपा की हैट्रिक या कांग्रेस पलटेगी दांव, ठहरी निगाहें

## वार्ड नंबर-40
### पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

कुल मतदाता : 17,908
पुरुष मतदाता : 8958
महिला मतदाता : 8949
तृतीय लिंग मतदाता : 1

**शामिल एरिया**
दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी, रोहणीपुरम, विनायक विहार, कुबेर गृह निर्माण समिति, कृष्णसखा सोसायटी,सांई विहार कालोनी डगनिया, दौलत स्टेट डगनिया, बंजारी नगर, कंचनजंगा फेज-2




भाजपा से आशु चंद्रवंशी और कांग्रेस प्रत्याशी शशिकांत साहू के बीच सीधा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 40 में इस बार पार्षद चुनाव में डीडी नगर के 4 सेक्टर में जर्जर सीवरेज सिस्टम आवारा मवेशी और कुत्तों की समस्या के साथ ही वार्ड में नशाखोरी की समस्या प्रमुख मुद्दा है। वार्ड परिसीमन के बाद कंचनगंगा फेज 2 ओर बंजारी नगर का क्षेत्र नया जुड़ा है, इससे 2200 मतदाता नए जुड़ गये। 11 फरवरी को होने वाले मतदान में इस बार करीब 18 हजार वोटर अपने पसंद के पार्षद चुनने मतदान करेंगे। इसमें भाजपा ने जिला उपाध्यक्ष आशु चंद्रवंशी को प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान पर उतारा है, उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी शशिकांत साहू से होगा।

शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में पांचवी बार पार्षद के लिए हो रहा चुनाव इस मायने में खास है कि वार्ड से भाजपा जीत का हेट्रिक बनायेगी या कांग्रेस की दशक भर बाद वापसी होगी। पहले यह वार्ड कालेज वार्ड का हिस्सा हुआ करता था। तब रायपुर नगर निगम में 54 वार्ड होते थे। 2003-04 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नाम से नगर निगम में अस्तित्व में आये वार्ड के लिए पहली बार हुये पार्षद चुनाव में भाजपा से गोपी साहू ने 2200 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल मढ़रिया को हराया। जो कि उस समय पूरे रायपुर नगर निगम के लिए रिकार्ड जीत रही। दूसरी बार हुये पार्षद चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ज्ञानेश शर्मा ने भाजपा के मुकेश शर्मा को हराकर पार्षद पद की कुर्सी पर कब्जा जमाया। तीसरी बार भाजपा से मीनल चौबे चुनाव जीतकर पार्षद बनी। फिर 2019 के चुनाव में भाजपा से ही मधु चंद्रवंशी ने जीत का डंका बजाते हुए भाजपा के हिस्से में जीत दर्ज कराई। अब पांचवी बार पार्षद चुनने मतदाता उत्साहित हैं।

### आमने-सामने

#### सीवरेज सिस्टम, नशाखोरी बड़ी समस्या


शशिकांत साहू
कांग्रेस प्रत्याशी

डीडी नगर के 4 सेक्टर में सीवरेज सिस्टम काफी जर्जर हो चुका है। 5 साल में इस पर कोई काम नहीं हुआ। नशाखोरी की समस्या से लोग त्रस्त हैं। वार्ड में पुलिस चौकी खोलने की मांग अरसे से हो रही है। बंजारी नगर में पानी की समस्या जोगी बस्ती पानी टंकी एक अरसे से साफ नहीं हुई। पार्षद को लोगों ने 5 साल में महज एक बार चुनाव के समय देखा। बाकी समय पार्षद वार्ड से नदारद रहा।

#### आरोप निराधार, सीवरेज सिस्टम सुधारने बनेगी योजना


आशु चंद्रवंशी
भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी आशु चंद्रवंशी ने कहा है कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय नाली को कवर्ड करने की योजना रही, पर 5 साल तक ये काम नहीं करवा पाये। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी खोलने की मांग लगातार करते आ रहे हैं। एसपी से बात कर सेक्टर 2 के पुराने अस्पताल भवन के पास पुलिस चौकी खोलने की मांग की है। वार्ड में सीसीटीवी कैमरा लगाने भाजपा के घोषणापत्र अटल संकल्प में इसका जिक्र है। आवारा पशु और कुत्तों की समस्या पर काम करेंगे। डीडी नगर सेक्टर 1 से 4 तक का सीवरेज सिस्टम बेहद जर्जर है उसके ठीक कराने ठोस योजना बनाकर काम किया जायेगा।

# 25 सालों से बीजेपी का एकक्षत्र राज्य, निवृतमान पार्षद अब महापौर की दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वैसे तो राजधानी के सभी वार्ड में प्रत्याशी अपनी जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोड़ लगा रहे हैं, लेकिन कई वार्ड ऐसे भी हैं जिनमें लोगों की निगाह टिकी हुई है। इनमें भाजपा से महापौर पद की दावेदार मीनल चौबे का वार्ड क्रमांक-68 : डॉ.खूबचंद बघेल वार्ड भी शामिल है। राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक कांग्रेस यहां अपना खाता ही नहीं खोल पाई है। इस बार एंटी इंकम्बेंसी के आधार पर कांग्रेसी घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं और इस वार्ड में अपनी पहली जीत का इंतजार कर रहे हैं। वहीं भाजपा को विश्वास है कि जनता पूर्व चुनावों की तरह इस बार भी अपना वोट उन्हें ही देगी। पाइप लाइन सहित पानी संबंधित अन्य समस्याओं और टंकी निर्माण पर यहां वोट मांगे जा रहे हैं। महापौर प्रत्याशी बनाए जाने के बाद मीनल चौबे की जगह भाजपा ने इस बार दुर्गा यादराम साहू को मैदान में उतारा है तो वहीं कांग्रेस से डॉ.सुभाषिनी ऋषि देवांगन उन्हें टक्कर दे रही हैं। पेशे से चिकित्सक डॉ.सुभाषिनी के पति पूर्व में इस वार्ड से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। कम वोटों के अंतर से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस सत्ता में लौटकर आएगी। वहीं भाजपा प्रत्याशी दुर्गा साहू के पति इसी वार्ड में मीनल चौबे के पूर्व पार्षद रहे हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने यादराम साहू की टिकट काटते हुए मीनल चौबे को मौका दिया था। महिला आरक्षित वार्ड होने के कारण अब यादराम साहू की पत्नी दुर्गा साहू को मौका दिया गया है।

## वार्ड नंबर - 68
### डॉ.खूबचंद बघेल वार्ड

कुल मतदाता : 16,294
पुरूष मतदाता : 8,311
महिला मतदाता : 7,983

परिसीमन क्षेत्र : चंगोराभाठा के अंतर्गत वसुंधरा नगर, मैना बार का समीपस्थ क्षेत्र, सांस्कृतिक भवन, कर्मा चौक, पुराना शीतला मंदिर, दुर्गा मंदिर, महादेवा तालाब, साहू पारा

यहां 25 सालों से बीजेपी का एकक्षत्र राज्य, वर्तमान पार्षद अब महापौर की दावेदार
- मीनल चौबे हैं यहां वर्तमान पार्षद, कांग्रेस एंटी इंकम्बेंसी को बना रही मुद्दा
- पाइप लाइन और टंकी निर्माण पर वोट मांग रही पार्टियां

( महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे का वार्ड)

### आमने-सामने

#### उन्हें वार्ड में दिलचस्पी नहीं, करनी है ऊपर लेवल की राजनीति


डॉ.सुभाषिनी देवांगन
कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस प्रत्याशी सुभाषिनी देवांगन का कहना है कि भाजपा ने जिस प्रत्याशी को मैदान में उतारा है, उसे वार्ड में कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्हें ऊपर लेवल की राजनीति करनी है। इसके चलते वे वार्ड की समस्याओं पर ध्यान भी नहीं दे पाते हैं। 25 सालों से भाजपा पार्षद होने के बाद भी यहां विकास के नाम पर कोई विशेष उपलब्धि उनके समक्ष गिनाने के लिए नहीं है। मैं चिकित्सक भी हूं। ऐसे में साफ-सफाई, सेहत और शिक्षा की महत्ता को समझती हूं। जीतकर आए तो ये चीजें हमारी प्राथमिकता रहेंगी।

#### असंतुष्टि का सवाल ही नहीं


दुर्गा यादराम साहू
भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी दुर्गा यादराम साहू का कहना है कि जनता में असंतुष्टि जैसी कोई बात है ही नहीं। इस क्षेत्र के लोगों की अधिकतर मांगें पूरी की गई हैं। समर्थकों में चुनाव को लेकर उत्साह है। जनता खुद हमें जीताना चाहती है। मीनल चौबे के पहले मेरे पति पार्षद थे। इस बार मुझे मौका मिला है तो अपने पति के अनुभवों का लाभ उठाते हुए बेहतर काम करूंगी।

## वार्ड नंबर - 41
### पं.सुंदरलाल शर्मा वार्ड

कुल मतदाता : 14,895
पुरूष मतदाता : 7,362
महिला मतदाता : 7,529
परिसीमन क्षेत्र : मैत्री नगर, सुंदर नगर, अश्विनी नगर, भीम नगर, चंद्रशेखर नगर

खाता खुलने की आस में कांग्रेस, महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे का है यह वार्ड

# यहां भी 25 सालों से बीजेपी का कब्जा महापौर टिकट की दावेदार रहीं सरिता मैदान में

(महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे का वार्ड)

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी और वर्तमान चुनाव में कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे के वार्ड क्रमांक 41 अर्थात पं.सुंदरलाल शर्मा वार्ड में भी चुनावी हलचल तेज है। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी भारती शर्मा और भाजपा प्रत्याशी सरिता दुबे के बीच है। मीनल चौबे के वार्ड की तरह दीप्ति दुबे के वार्ड में भी बीते 25 सालों से भाजपा का ही राज रहा है। इस बार कांग्रेस का महापौर प्रत्याशी इस वार्ड से है। ऐसे में कांग्रेस को चमत्कार की उम्मीद है। कांग्रेसी यहां बीजेपी के जीत का ट्रेंड टूटने का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए देर रात तक डोर-टू-डोर प्रचार से लेकर सोशल साइट्स और अन्य तरह से प्रचार कार्य भी वे कर रहे हैं। राजधानी बनने के इतने वर्ष बाद भी यहां मच्छर और नाली की समस्या जस की तस है। दोनों ही पार्टी प्रत्याशी यहां इन मुद्दों पर वोट मांग रही है। मच्छर की समस्या को लेकर यहां लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। कांग्रेस एंटी-इंकम्बेंसी का हवाला दे रही है तो भाजपा एक बार और मौका मांग रही है। वर्तमान में यहां भाजपा के मृत्युंजय दुबे पार्षद हैं।

### आमने-सामने

#### मुकाबला जनबल और धनबल का


भारती शर्मा
कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस प्रत्याशी भारती शर्मा का कहना है कि यहां मुकाबला जनबल और धनबल का है। भाजपा सत्ता में है और उनके प्रत्याशी आर्थिक रूप से अधिक सक्षम हैं। ऐसे में वे अपने धनबल का प्रयोग कर रहे हैं। मैं 35 वर्षों तक शिक्षिका रही हूं। ऐसे में हमारा बल जनता ही है। हम उनके आधार चुनाव जीतने दम लगा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मूलतः ब्राह्मणपारा से हैं। उनकी यहां लैंडिंग करा दी गई है। मैं बीते तीन दशकों से भी अधिक समय से जनता के साथ जुड़ी हुई हूं। पार्षद चुनाव में पार्टी नहीं बल्कि साफ-सुथरी छवि और सौम्य व्यवहार ही काम आता है।

#### पूरा जोर वोट हासिल करने में


सरिता दुबे
भाजपा प्रत्याशी

भाजपा के महापौर प्रत्याशी की दौड़ में जो नाम शामिल थे, उनमें एक नाम सरिता दुबे का भी था। लेकिन उन्हें महापौर पद की टिकट नहीं मिल सकी और पार्षद के टिकट से ही संतोष करना पड़ा। ऐसे में अपनी जीत के साथ-साथ उनका पूरा जोर इस बात पर है कि अधिक से अधिक वोट हासिल कर सकें, ताकि अगली बार महापौर प्रत्याशी की दौड़ में उनका नाम आगे हो। कांग्रेस के साथ ही भाजपा प्रत्याशी भी देर रात तक वोट मांगने और प्रचार में डटी हुई हैं।

# चुनावी हलचल

## संतोष साहू का जनसंपर्क जारी मिला भारी जनसमर्थन



**रायपुर।** मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक-47 के अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू घर-घर पहुंचकर संपर्क कर रहे हैं। जहां पर उनके सहज एवं सरल स्वभाव के चलते मतदाता उनसे बहुत गहरा जुड़ाव महसूस कर रहे हैं। वार्ड की जनता का भरपूर स्नेह, आशीर्वाद मिल रहा है। वे लोगों को पूर्ण विश्वास दिला रहे हैं कि जनता की मूलभूत सुविधाओं के साथ उनके सुख-दुख में हमेशा खड़े रहेंगे और वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उक्त जनसंपर्क के दौरान संतोष साहू ने भारतीय जनता पार्टी की आगामी योजनाओं से मतदाताओं को रूबरू कराया। आज उनका प्रचार अभियान मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक-47 के विभिन्न जगहों पर नजर आया। इनमें प्रमुख क्षेत्र श्याम नगर, रेड्डी गली, सिख गली, सुभाष नगर, जलविहार कॉलोनी प्रमुख रहे। जनसंपर्क के दौरान उनको उनकी धर्मपत्नी सीमा संतोष साहू, हरीश ठाकुर, राजू साहू, दीपक पोल्ले, सोनू सलूजा, पंकज प्रधान, सुमीत, बबलू, अमृत चौहान, कुसुम साहू, सीता साहू, कामिनी साहू आदि कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

## ममता सोनू तिवारी को मिल रहा जनता का आशीर्वाद



**रायपुर।** भक्त माता कर्मा वार्ड यानी वार्ड नंबर-67 में मंगलवार का दिन बीजेपी प्रत्याशी श्रीमति ममता सोनू तिवारी के नाम रहा। श्रीमति तिवारी ने एक बार फिर से साबित किया कि वे वार्ड में लोकप्रियता की सबसे ऊंची पायदान पर हैं। उन्होंने काला पुतला, साकेत विहार और पीएस सिटी इलाकों में संघन जनसंपर्क किया। इस दौरान वही हुआ, जो नामांकन के बाद प्रचार के पहले दिन से हो रहा है। वार्डवासियों ने जनसंपर्क के दौरान ममता सोनू तिवारी को भरपूर आशीर्वाद दिया और इसकी वजह ये है कि श्रीमति तिवारी आम जनता से किसी राजनीतिक व्यक्ति की तरह नहीं मिल रही हैं, बल्कि उनके एक पारिवारिक सदस्य के तौर में भेंट कर रही हैं। श्रीमति ममता सोनू तिवारी का ये सरल व्यक्तित्व ही उन्हें दूसरे प्रत्याशियों से अलग और बेहतर बनाता है। बहरहाल उनका कहना है कि जनसंपर्क अभियान के जरिए वे वार्ड की समस्याओं को समझ रही हैं और अभी से उनके निराकरण का ब्लूप्रिंट भी तैयार कर रही हैं।

## भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने घर-घर जाकर वोट मांगे



**रायपुर।** वार्ड क्रमांक-31 नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर वोट मांगा। उन्होंने जनता के बीच अपने पिछले कार्यकाल में हुए कार्यों को रखा एवं नई कार्ययोजनाओं को भी जनता के बीच साझा किया। वार्ड विकास के लिए नए निर्माण व अन्य योजनाओं को पूरा करने का वादा भी किया। वार्ड में जनता उनके द्वारा किए गए कार्यों से पूर्ण रूप से संतुष्ट दिखी और इस बार भी भाजपा की प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू को विजयी बनाने के लिए उत्साहित है। वोट मांगने के क्रम में श्रीरामनगर रामलीला चौक, सतनाम चौक से होते हुए पार्वती नगर तक हर एक घर में भाजपा के पक्ष में वोट के लिए अपील की। पिछले कार्यकाल में वार्ड के हर एक घर से पुष्पा रोहित साहू का व्यक्तिगत संपर्क रहा है, जिसका लाभ उन्हें इस चुनाव में अवश्य मिलता दिख रहा है। वोट मांगने के दौरान उनके साथ लोकमनी साहू, जमुना साहू, पुष्पा यादव, कांति निषाद, खिलेश्वरी निषाद, राजेश्वरी बिसेन, तुलसी चेला, लेखराम साहू, जगदीश, देवराज पारधी आदि उपस्थित रहे।

## गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क मतदाताओं से हुए रूबरू



**रायपुर।** वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 मे भाजपा के मिलनसार और मृदुभाषी पार्षद प्रत्याशी गज्जू साहू का सघन जनसंपर्क यथावत जारी रहा। उन्होंने अपने वार्ड में घर-घर पहुंचकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि वे भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उक्त योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। इसी क्रम में मंगलवार को गज्जू साहू ने अपने काफिले के साथ खमतराई के संतोषी नगर और संन्यासीपारा के हर घर में दस्तक दी। वहां मतदाताओं से मिले और आगामी चुनाव में अपने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस पूरे प्रचार अभियान में गज्जू साहू के साथ उनके कई साथी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा, जिनमें प्रमुख रूप से मोहन उपारकर, के. सत्या बाबू, भाऊ सिंग, हेमंत साहू, युगल किशोर वर्मा, गणेश राव गजानंद, रूपेश, राजेश, पप्पू यादव, दुर्वासा मटाले आदि उपस्थित थे। यह समस्त जानकारी गुढ़ियारी मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी बालकिशन साहू ने प्रदान की।

## भाजपा प्रत्याशी गिदवानी ने किया नए कार्यालय का उद्घाटन



**रायपुर।** पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक-57 से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अमर गिदवानी ने चुनावी जनसंपर्क अभियान में मंगलवार को अपने कटोरा तालाब स्थित मुख्य कार्यालय से पेंशनबाड़ा होते हुए चपरासी लाइन, बाबू लाइन, यादवपारा, अरविंद नगर से होते हुए कार्यालय तक फिर शैलेंद्र नगर मंगलमूर्ति भवन से होते हुए एवन बेकरी के आसपास के क्षेत्र में घर-घर जाकर वोट मांगे। जनता द्वारा बताई गई सभी समस्याओं को सुनते हुए वार्ड में नए विकास कार्यों की चर्चा की और चुनाव जीतने के उपरांत वार्ड के सभी वर्ग के लोगों एवं नए हितग्राहियों तक आवास, साफ-सफाई व अन्य सभी सुविधाएं लोगों तक जल्द से जल्द पहुंचाने का वादा किया। इस दौरान बैरन बाजार, फौवारा चौक पर नए कार्यालय का उद्घाटन भी किया। पार्षद प्रत्याशी श्री गिदवानी जनता के चहेते उम्मीदवार रहे हैं और उनकी निष्पक्ष छवि जनता में सदैव उन्हें लोकप्रिय बनती है। उनके साथ जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से हेमलता चंद्राकर, मुकेश पंजवानी, आशीष जैन, राजेश तौरानी, शिशिर सिंह ठाकुर, अजय सिंह ठाकुर, सुनील शर्मा, अंजू ठाकुर, फारूक बेग, साहिल, सुहागा यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# किरण देव बोले- अब कांग्रेस ने भी किया भूपेश बघेल से किनारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कांग्रेस को अपने नित-नए एटीएम खोलने वाले नेता चाहिए

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के बयान का हवाला देते हुए कहा, अब कांग्रेस ने भी भूपेश बघेल से किनारा कर लिया है। यह बात डॉ. चरण दास महंत के उस बयान से साबित होती है जिसमें डा. मंहत ने अगला विधानसभा चुनाव पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ने की बात की है। श्री देव ने कहा, कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार-केंद्रित है। कांग्रेस नेताओं का संकल्प भ्रष्टाचार करना ही है। कांग्रेस की यह विचारधारा भूपेश बघेल और एजाज ढेबर को बनाती है, फिर उसे यूज एण्ड थ्रो कर देती है, फिर नए बघेल और ढेबर तलाशती है जो जनता से लूट कर सकें। श्री देव ने कहा, यही कांग्रेस की विचारधारा है। कांग्रेस के डीएनए में रचा-बसा भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा, चाहे नेतृत्व कांग्रेस में कोई भी करे। कांग्रेस को अपने नित-नए एटीएम खोलने वाले नेता चाहिए, वह कौन होगा, कांग्रेस को उससे कोई मतलब नहीं है। श्री देव ने कहा, प्रदेश की जनता ने इस बात को माना था कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ, घपले-घोटाले हुए, छत्तीसगढ़ महतारी के खजाने को लूटा गया, जनता के अधिकारों को छीना गया। और अब, जबकि जनता ने कांग्रेस से किनारा कर लिया तो अब कांग्रेस भी बघेल से किनारा कर रही है। श्री देव ने कहा, एक तरह से बघेल के नेतृत्व को महंत ने ठुकरा दिया है। अगले विधानसभा चुनाव में अभी चार साल चल पड़े हैं, लेकिन उसके पहले ही महंत ने इस बात की घोषणा करके कहीं-न-कहीं बघेल को एक संदेश दे दिया है कि उनका नेतृत्व कांग्रेस को स्वीकार नहीं है। कुछ समय पहले तक एक ही नारा चलता था- भूपेश है, तो भरोसा है; और आज कांग्रेस पार्टी का ही भरोसा उन पर नहीं रहा।

## मुख्यमंत्री का आज कोरबा और रायगढ़ में रोड शो

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा का बड़ा फोकस दस नगर निगमों पर है। भाजपा सभी निगमों को जीतने की रणनीति पर काम कर रही है। इन नगर निगमों के लिए ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो की योजना तैयार की गई है। बुधवार को पहले 12 बजे से कोरबा में रोड शो होगा। इसके बाद तीन बजे रायगढ़ में रोड शो किया जाएगा। अंत में चुनाव प्रचार थमने से पहले रायपुर और धमतरी में 9 फरवरी को रोड शो किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव में प्रचार का पूरा जिम्मा प्रदेश के मंत्रियों, सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के स्थानीय नेताओं पर ही है। चुनाव प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की कोई सूची भी जारी नहीं की गई है। ज्यादातर स्थानों में स्थानीय नेताओं के साथ प्रदेश के मंत्रियों की सभाएं होंगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रोड शो कराने का फैसला किया गया है। चुनाव प्रचार थमने से पांच दिन पहले से रोड शो का प्रारंभ होगा। पहले दिन पांच फरवरी को कोरबा और रायगढ़ में रोड शो होगा। इसके बाद दूसरे दिन छह फरवरी तो राजनांदगांव, सात फरवरी को चिरमिरी, अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर और अंत में 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो होगा। इन रोड शो में उन नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले प्रदेश के नेताओं के साथ ही उन निगमों के प्रभारी मंत्री भी शामिल रहेंगे।

# साव बोले- भाजपा ने तारीख बताकर वादों को पूरा किया, कांग्रेस ने पांच साल जनता को छला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मोदी की गारंटी की तर्ज पर अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को पूरा करेंगे



कांग्रेस के आने वाले नगरीय निकाय के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, ये घोषणा पत्र केवल और केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए लेकर आते हैं। पांच साल सरकार में रहे अपने घोषणा पत्र के 36 वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किए। कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल छलावा और झूठ का पुलिंदा ही होने वाला है, यह सभी को पता है और हमने जो कल अटल विश्वास पत्र घोषित किया है, जैसे हमने मोदी की एक-एक गारंटी को पूरा की है और वैसे ही अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को भी पूरा करेंगे। भाजपा ने अपने वादों को तारीख बताकर पूरा किया है, जबकि कांग्रेस ने पांच साल तक प्रदेश की जनता को छलने का काम किया है। श्री साव ने कहा, हम छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष मना रहे हैं, और हमारी सरकार ने इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। सभी नगरीय निकायों में हम अटल परिसर का निर्माण कर रहे हैं। इसलिए हमने नगरीय निकाय के संकल्प पत्र को हमने अटल विश्वास पत्र का नाम दिया है, जो कहा है वह करके रहेंगे। श्री साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है। जो कहा था उसकी तिथि भी बताई थी और उस तिथि को किया। चाहे प्रधानमंत्री आवास का मामला हो या किसानों के दो साल पुराना बोनस का मामला हो, हमने मोदी की सारी गारंटी को पूरा किया है। इसी तर्ज पर अटल विश्वास पत्र के सभी वादों को पूरा करेंगे, शहरों को स्वच्छ-सुंदर और विकसित बनाएंगे।


## कांग्रेस के सौ कार्यकर्ता भाजपा में



रायपुर। भाठागांव कांग्रेस के युवा नेता वासु पाण्डेय ने कांग्रेस के 100 कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे एवं पार्षद प्रत्याशी रवि सोनकर के समक्ष भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया।

## निधन

### आनंद कुमार शर्मा



रायपुर। लोकमान्य सोसाइटी गोल चौक निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद कुमार शर्मा (बाराडेरा वाले) का 4 फरवरी को निधन हो गया। अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास पुरानी बस्ती रायपुर के अध्यक्ष थे। वे सुमन शर्मा के पति, इंजीनियर चंद्रप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा के बड़े भाई एवं सोनल, मीनल, काजल के पिता थे।

### सुबोध प्रसाद सिंह



रायपुर। जनता कालोनी गुढ़यिारी निवासी सुबोध प्रसाद सिंह का 4 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी को सुबह 11 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामकृष्ण सिंह के पिता थे।

### भूपेंद्र जयसिंह



रायपुर। जयहिंद कॉलोनी महावीर नगर निवासी भूपेंद्र जयसिंह का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राहुल जयसिंह के पिता और अर्जुन दास जयसिंह के भाई थे।

### सुमन पराड़कर



रायपुर। बूढ़ापारा निवासी सुमन पराड़कर (95) का 4 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे विजय, रंजन, विनोद पराड़कर और स्मिता किरवाईवाले की माता और अर्चना पराड़कर की सास थीं।

# बूढ़ापारा धरना स्थल की खाली जमीन पर वेंडिंग जोन, फूल चौक के वेंडर होंगे शिफ्ट, 10 गुमटियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरना स्थल पर अब खाने-पीने के स्टॉल नहीं होंगे। नगर निगम के इस वेंडिंग जोन में फूल चौक के फूल विक्रेताओं को व्यवस्थापित किया जायेगा। नगर निगम चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही फूल विक्रेताओं को वेंडिंग जोन में गुमटियों का आवंटन होगा। 1 करोड़ खर्च कर बनाये गये वेंडिंग जोन में 10 स्मार्ट गुमटियां बनाई गई हैं।

■ फूलों की महक की बिखरेगी, खाने-पीने के स्टॉल नहीं रहेंगे

## निकाय चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद होगा गुमटियों का आवंटन



### कचरा डंप वाली जगह पर चौपाटी का हुआ था विरोध, अब बनेगा फूल बाजार

विदित हो, बूढ़ापारा के धरना स्थल की खाली जमीन पर नगर निगम के प्रस्तावित चौपाटी को लेकर निवृतमान महापौर एजाज ढेबर और उनकी परिषद सहित स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों ने चौतरफा विरोध जताया। विरोध इसलिए किया गया कि बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरना स्थल वाली जगह पर नगर निगम का कचरा डंपिंग जोन बना है, जहां आधा दर्जन से ज्यादा वार्डों से निकलने वाला कूड़ा करकट कचरा गाड़ी में भरकर रोज सुबह से शाम डंप किया जाता है। इससे उठने वाली बदबू से जहां राहगीरों का इस मार्ग से आना-जाना मुश्किल हो रहा है, वहां चौपाटी बनने पर खाने-पीने की सामग्री के स्टॉल रहेंगे। इससे लोगों की सेहत पर बुरा पड़ेगा। व्यापक विरोध के बाद निगम प्रशासन ने वेंडिंग जोन में खाने-पीने के स्टॉल की जगह वहां व्यवस्थापन के तहत चयनित फूल विक्रेताओं को शिफ्ट करने की तैयारी की है।

बूढ़ापारा में रामकी कंपनी के कचरा डंपिंग जोन के पास धरना स्थल वाली जगह पर अब चौपाटी की जगह वेंडिंग जोन शुरू होगा। इसमें खाने-पीने के स्टॉल न होकर फूल विक्रय करने वाले छोटे व मध्यम वेंडर को रोजगार के लिए सुव्यवस्थित ठिकाना मिलेगा। वेंडिंग जोन में 10 गुमटियां बनकर तैयार हैं। इसमें व्यवस्थापन के तहत फूल चौक के फूल बाजार के विक्रेताओं को आवंटित किया जायेगा। इसके लिए नगर निगम के शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से गुमटियों के आवंटन के लिए लाटरी निकाली गई। निगम चुनाव के बाद पात्र वेंडरों को नंबर के अनुसार व्यवस्थापन के तहत गुमटियां आवंटित होंगी।

## इस मामले में 6 लोगों को किया गया था समन जारी

# सेक्स सीडी केस की 7 साल बाद सुनवाई आरोपी नहीं पहुंचे कोर्ट, अब 25 को होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम से भाजपा विधायक राजेश मूणत की कथित सेक्स सीडी मामले में 7 साल के बाद राजधानी रायपुर की कोर्ट में सुनवाई थी, जो अब 24 फरवरी तक टल गई। इस मामले में कैलाश मुरारका, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके सलाहकार रहे विनोद वर्मा, विजय पांड्या, विजय भाटिया सहित 6 लोगों को कोर्ट में मंगलवार को पेश होना था। इसके लिए इन सभी को समन जारी किया गया था, लेकिन इनमें से कोई कोर्ट नहीं पहुंचा। अभियुक्तों की ओर से उनके वकील ने कोर्ट में अर्जी देकर सूचना दी कि नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सहित अन्य कारण से वे कोर्ट में पेश नहीं हो पाएंगे, इसलिए सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाई जाए। इसके बाद सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाकर 25 फरवरी तय की गई है।

### मामला 2017 में हुआ था उजागर

पूर्व मंत्री राजेश मूणत का कथित सेक्स सीडी का मामला अक्टूबर 2017 में सामने आया था। इस मामले में सिविल लाइन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार रहे विनोद वर्मा के ठिकाने पर छापा मारकर भारी मात्रा में अश्लील सीडी बरामद किया था। इस मामले में भूपेश बघेल पर भी साजिश रचने का आरोप लगा था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार किया था। वे करीब दो दिन जेल में भी रहे थे। बघेल की गिरफ्तारी के बाद प्रदेशभर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।



### सीबीआई ने 2018 में की थी चार्जशीट पेश

इस केस में सीबीआई ने वर्ष 2018 में चार्जशीट पेश की थी। चार्टशीट पेश करने के बाद इस मामले में अब तक बहस नहीं हो पाई है। सीबीआई ने पूर्व में इस मामले को दिल्ली या अन्य दूसरे राज्य में ट्रांसफर करने मांग भी की थी। इसके बाद से इस मामले की सुनवाई रुकी हुई थी।

### मुंबई में बनाई गई थी सीडी

सूत्रों के अनुसार जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि सेक्स सीडी मुंबई में बनाई गई थी। इस सीडी में टेंपरिंग कर मंत्री का चेहरा लगाया गया था। इस सीडी को बनाने के एवज में मोटी रकम भी दी गई थी।

### साजिश खुलने के बाद एक आरोपी ने की थी आत्महत्या

कथित सीडी कांड में साजिश हुई थी। इसका खुलासा होते ही इस मामले से जुड़े श्याम नगर निवासी रिंकू खनूजा ने 6 जून 2018 को खुदकुशी कर ली। सीबीआई ने रिंकू की मौत के बाद उसे आरोपी बनाया था। सीबीआई की जांच में दावा किया गया था कि रिंकू खनूजा और विजय पांड्या ने सीडी बनवाई। सीडी कांड में सरकारी गवाह बने कारोबारी लवली खनूजा ने भी अपने बयान में सीबीआई को बताया है कि 23 अगस्त को रिंकू ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया था।

### ट्रांसफर नहीं होने पर रायपुर में सुनवाई

सीबीआई की मांग के बाद से कोर्ट में यह विचाराधीन था कि मामले की सुनवाई कहां होगी। सूत्रों के अनुसार पिछले माह दिल्ली की कोर्ट ने फैसला किया है कि मामला ट्रांसफर नहीं होगा। इसकी सुनवाई रायपुर की सीबीआई स्पेशल कोर्ट में ही होगी। इसके बाद मामले की डायरी दिल्ली से रायपुर कोर्ट भेजी गई है, लेकिन अभियुक्तों के पेश नहीं होने के कारण सुनवाई फिर 21 दिनों के लिए टल गई।

# होटल में छापा, 30 किलो गांजा के साथ बिहार के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी पुलिस ने सोमवार देर रात को रेलवे स्टेशन स्थित एक होटल में छापा मारकर कमरे से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 30 किलो 39 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत 5 लाख 47 हजार रुपए आंकी गई है। दोनों तस्कर बिहार के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों तस्कर किसी गांजा गिरोह से जुड़े हुए हैं, जिसके बारे में पुलिस पता लगा रही है। फिलहाल इस मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

गंज थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने बताया कि 3 जनवरी की रात को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल करण के एक कमरे में कुछ गांजा तस्कर ठहरे हुए हैं, उनके पास भारी मात्रा में गांजा भी है। इस सूचना पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एंटी क्राइम साइबर एवं गंज थाना की संयुक्त टीम होटल में रात में ही छापा मारा और कमरा नंबर 2 से जुगनू अंसारी 48 वर्ष और मोहम्मद इरफान 32 को गिरफ्तार किया। इनमें जुगनू चक्का अब्दुल गनी थाना समस्तीपुर बिहार एवं इरफान जयसिंग सराय थाना दलसिंग सराय जिला समस्तीपुर बिहार का रहने वाला है।

■ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एंटी क्राइम साइबर एवं गंज थाना की संयुक्त टीम होटल में रात में ही छापा मारा

पुलिस ने कमरे में रखे आरोपियों के बैग की तलाशी ली, तो उसमें गांजा भरा हुआ था। बैग से 30 किलो 30 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में दोनों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस इस मामले में दोनों से फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेजेस के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## पेज 11 के शेष ...

### बेमतलब की परीक्षा! पूरक...

कोई असर नहीं पड़ेगा। पूर्व में कहा जा रहा था कि छात्रों को असीमित अवसर परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए दिए जाएंगे। विद्यार्थियों द्वारा परीक्षाएं उत्तीर्ण करने पर ही अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। लेकिन अब केवल एक ही अवसर छात्र को दिए जा रहे हैं।

### एक उत्तरपुस्तिका जांचने ...

शिक्षकों के कुछ ही रुपए प्रतिदिन शेष बचेंगे। 31 जनवरी को पांचवी-आठवीं की समय-सारिणी जारी करने के साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मूल्यांकन संबंधित दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इसमें मूल्यांकन राशि सहित अन्य खर्च और व्यवस्थाओं का पूरा ब्योरा है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष संकुल प्राचार्य होंगे। पांचवी-आठवीं का अध्यापन कार्य कराने वाले शिक्षक ही इन कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं जांच सकेंगे।

### कवासी की अग्रिम...

जाएगा। उल्लेखनीय है कि कवासी लखमा को इससे पहले 21 जनवरी को कोर्ट में पेश किया गया था। उन्हें 7 दिन की ईडी रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया था, जिसके बाद उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद उन्हें पुनः कोर्ट में पेश किया गया है।

### रीएजेंट घोटाला, पूछताछ ...

के लिए नोटिस जारी किए जाने की चर्चा है। मामले में स्वास्थ्य संचालनालय और दवा कार्पोरेशन से जुड़े पूर्व तथा वर्तमान कर्मचारी और अधिकारी से पूछताछ हो चुकी है। 28 जनवरी को ईओडब्लू की टीम ने विभिन्न स्थानों में छापेमारी के बाद देर रात मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। उसे 29 जनवरी को न्यायालय में पेशकर रिमांड पर लिया गया था। मंगलवार को अंतिम दिन उसकी पुनः पेशी हुई जिसमें ईओडब्लू ने उसे 10 फरवरी तक पुनः रिमांड पर ले लिया। सूत्रों के मुताबिक प्रकरण में पूछताछ के बाद ईओडब्लू की टीम को कई अहम दस्तावेज हाथ लगे हैं जिसमें इस घोटाले में अन्य अधिकारी और कर्मचारी की संलिप्तता का सुराग मिला है।

### विवादित पनीर जांच में...

एफएसओ पर गाज भी गिरी थी। वहीं कबीरधाम जिले में गुड़ की फैक्ट्री मिली थी जिसमें स्टोन पावडर मिलाने का गोलमाल होता था। अफसरों ने यहा बनाए जाने वाले गुड़ को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने यहां से कई क्विंटल स्टोन पावडर और गुड़ बरामद किया था।

# चैंबर की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 5 मार्च को



रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का त्रैवार्षिक चुनाव 2025 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने मंगलवार को अपने सभी निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, संजय जोशी एवं चुनाव कार्यालय प्रभारी एसएम रावते, मुख्य चुनाव नियंत्रक एच.एस.कर की उपस्थिति में चुनाव संबंधी रूपरेखा तैयार की गई। इस बार प्रदेश के चैबर चुनाव में 27, 480 सदस्यों को मतदान की पात्रता होगी। उनके द्वारा 1 प्रदेश अध्यक्ष, 1 प्रदेश महामंत्री, 1 प्रदेश कोषाध्यक्ष, 53 जिला उपाध्यक्ष , 53 जिला मंत्री कुल 109 पदों के लिये मतदान किया जावेगा। बैठक में प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन व मतदान के चरणों में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया। श्री गोलछा ने बताया कि मतदान प्रक्रिया 14 अप्रेल से प्रारंभ होगी जिसमें मतदान केन्द्र- मनेन्द्रगढ़, धमतरी, रायगढ़, भिलाई, राजनांदगांव बिलासपुर एवं रायपुर रहेंगे। रायपुर एवं भिलाई मतदान केन्द्र में दो चरणों में मतदान होगा। प्रदेश के इन सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना मंगलवार, 6 मई को रायपुर में होगी।

चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने निर्वाचन अधिकारी को चैंबर की सदस्यता सूची, चुनाव संबंधी मार्ग निर्देशिका, कार्यकारिणी मिनिट्स एवं मतदान के लिए चयनित शहरों की सूची सौंपी। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के नाम के पत्र के साथ चैंबर सदस्यता सूची 23 जुलाई 2024 तक, कुल सदस्य संख्या 27480 और चैंबर चुनाव संबंधी मार्ग निर्देशिका 2025 तथा मतदान के लिए चयनित शहरों की सूची निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा को सौंपी।







## खबर संक्षेप

### नवनिर्मित सभा भवन का लोकार्पण आज

**रायपुर।** स्वतंत्रता संग्राम के संचालन केन्द्र के रूप में स्थापित संस्था राष्ट्रीय विद्यालय एवं बाल आश्रम में शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर बाल आश्रम परिसर, कचहरी चौक, रायपुर में नवनिर्मित सभा भवन का लोकार्पण समारोह 05 फरवरी बुधवार को दोपहर 1:00 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष विधानसभा छग के द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अजय तिवारी, मदन तालेड़ा, गोवर्धन दास डागा, नरेश चंद्र गुप्ता, राजकिशोर नत्थानी, विजय दानी, गोकुलदास डागा, रूपचंद श्रीश्रीमाल, प्रेमरतन श्रीश्रीमाल आदि सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

### बसंत पंचमी पर तीन किताबों का किया विमोचन



**रायपुर।** बसंत पंचमी के अवसर पर डॉ. सुरेश तिवारी की तीन किताबों का एकसाथ विमोचन नर्मदा कांप्लेक्स स्टार इंटरप्राइजेज अम्लेश्वर के हॉल में मंगलवार को किया गया। इसी दौरान हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ प्रदेश की ओर से डॉ. सुरेश तिवारी की गजलों का गायन डॉ. चितरंजन कर द्वारा किया गया। डॉ. तिवारी द्वारा लिखित तीन किताबों, कहानी संग्रह ये रोज भी होता है, गजल संग्रह 'नशेमन' और साहिल का विमोचन मुख्य अतिथि गिरीश पंकज, डॉ. बलदेव साहू, डॉ. चितरंजन कर, लेखक संजीव ठाकुर, कवि सुरेंद्र रावल एवं ब्रिगेडियर प्रदीप यदु की उपस्थिति में किया गया।

### सोशल मीडिया पर बदनाम करने का आरोप

**रायपुर।** माधव सेवा समिति के अध्यक्ष आदेश सोनी ने पुलिस प्रशासन एवं साइबर सेल से मांग की है कि उन्हें बदनाम करने के लिए कतिपय लोग षडयंत्र कर रहे हैं। श्री सोनी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सोशल मीडिया वाट्स एप पर मेरे नाम से लिंक जोड़कर क्रिश्चियन समुदाय के खिलाफ अपशब्द एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। मैं हर वर्ग का, हर महिला का सम्मान करता हूं। मुझे बदनाम करने के लिए किसी ग्रुप में भड़काऊ वीडियो डाला गया है, जिसमें मेरा सम्मान को तार-तार करने का प्रयास किया गया है। इससे मेरे परिवार एवं मुझे खतरा पैदा हो गया है। अगर जांच में मेरे विरुद्ध किसी समुदाय के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया जाना पाया जाता है तो हर सजा भुगतने को तैयार हूं।

# छग को रेल बजट में मिले 6925 करोड़, रेललाइन के दोहरीकरण पर होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ में रेल विकास कार्यों के लिए 6 हजार 925 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इससे राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। 1105 किमी में सुरक्षा कवच सिस्टम लगाने समेत अन्य काम होंगे। वर्तमान में 365 किमी में कवच लगाने का काम चल रहा है। कुछ महीने पहले भालूमाड़ा से सरदेगा तक 37 किमी नई रेलवे लाइन परियोजना को केंद्र सरकार ने मंजूरी दी थी, उसके लिए 1360 करोड़ रुपए दिए गए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से पत्रकारों को बजट में छत्तीसगढ़ के लिए किए गए प्रावधान और बजट आवंटन की जानकारी दी। बताया कि इस बजट में प्रदेश में रेल विकास के कार्यों के लिए 6925 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

## अमृत भारत स्टेशन के तहत 1672 करोड़ से 32 रेलवे स्टेशनों को संवारा जा रहा

### रेल मंत्रालय की ओर से जारी किए गए फैक्ट

- रायपुर स्टेशन में 463 करोड़ से बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है।
- दुर्ग स्टेशन में 456 करोड़ से पुराने स्ट्रक्चर को हटाने और कंस्ट्रक्शन के काम हो रहे हैं।
- बिलासपुर स्टेशन में 435 करोड़ से मुख्य भवन की बैरिकेडिंग पूरी, यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम हो रहा है।



### यात्री सुविधाओं में सुधार (पिछले 11 सालों में)

- 148 रेल पुल और अंडरब्रिज बनाए गए।
- 119 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा।
- 20 लिफ्ट और 8 एस्केलेटर स्थापित।
- 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 5 जिलों को जोड़ने वाली।

### ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर जोर

भारत सरकार के रेल बजट में छत्तीसगढ़ को इस बार 6925 करोड़ रुपए मिले हैं। देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे ऐतिहासिक बताया है। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आभार जताते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में रेलवे विकास होगा, कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। रेल बजट में अलॉट की गई है राशि छत्तीसगढ़ में ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, रेल लाइन को दोहरा करने, अलग-अलग जगह पर पुल बनाने में खर्च होगी।

### 11 वर्षों में 1125 किमी नई पटरियां बिछाई

*छत्तीसगढ़ में पिछले 11 वर्षों में 1125 किमी नई पटरियां बिछाई गई हैं। पिछले 11 वर्षों में हुए 350 किमी विद्युतीकरण के साथ छत्तीसगढ़ का 100 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत हो गया है। वर्तमान में चल रहे 26 प्रोजेक्ट में 38 हजार 378 करोड़ रुपए से 2768 किमी नई रेल पटरियां बिछाई जा रही हैं। हाल ही में मंजूर की गई सरदेगा-भालुमुड़ा नई डबल लाइन 37 किमी के लिए 1360 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन के तहत 1672 करोड़ से 32 रेलवे स्टेशनों को संवारा जा रहा है। 1105 किमी रूट पर सुरक्षा कवच सिस्टम लगाने की मंजूरी दी गई है। 365 किमी में काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के जिलों के हिसाब से रेलवे के विकास पर 41 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। आदिवासी अंचल का भी ख्याल रखा गया है।*

## प्रदेश में किसी कारण से धान बेच नहीं पाए ऐसे किसानों को जारी किए गए अतिरिक्त टोकन

# 874 किसानों को अतिरिक्त टोकन जारी 106 का रकबा समर्पण रीस्टोर किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन पोर्टल में 25 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों में जो किसान किसी न किसी कारण से अपना धान उपार्जन केंद्रों में बेच नहीं पाए हैं, ऐसे किसानों से भी सरकार धान खरीद रही है। इसके लिए सभी जिलों में पंजीकृत किसानों के त्रुटिपूर्ण टोकन को सुधारकर जारी करने कहा गया है, वहीं जिन किसानों के धान का रकबा ऑनलाइन में त्रुटिपूर्ण कम दिखा रहा है, उनका रकबा भी रीस्टोर किया जा रहा है, ताकि किसान अपना पूरा धान बेच सके। प्रदेशभर में अब तक ऐसे 874 किसानों को अतिरिक्त टोकन जारी किया गया है, वहीं 106 किसानों के धान समर्पण रकबा रिस्टोर किए गए हैं। उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी अभी भी जारी है। धान खरीदी के दौरान टोकन जारी होने के बाद भी कई किसान अलग-अलग कारण से अपना धान बेच नहीं पाए थे। इनमें प्राप्त टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं के निराकरण करने के लिए सैकड़ों की संख्या में किसानों ने आवेदन भी किए थे। इन आवेदनों को देखते हुए शासन ने 25 जनवरी 2025 तक पंजीकृत किसानों से पंजीकृत रकबा के अनुसार धान खरीदने के लिए दोबारा टोकन जारी करने के आदेश जारी किए। इस आदेश के तहत रायपुर सहित सभी जिलों में अतिरिक्त टोकन जारी करने के साथ धान का रकबा समर्पण रीस्टोर भी किए गए हैं।



### सर्वाधिक धमतरी में अतिरिक्त टोकन जारी

*प्रदेश में सर्वाधिक अतिरिक्त धमतरी जिले में जारी किए गए हैं। यहां 325 अतिरिक्त टोकन जारी किया गया है। दूसरे नंबर पर रायपुर है, जहां 165 अतिरिक्त टोकन जारी किए गए हैं। इसी प्रकार रकबा समर्पण रिस्टोर सर्वाधिक 19 बिलासपुर जिले में किए गए हैं।*

### जिलेवार जारी किए गए अतिरिक्त टोकन व रकबा रिस्टोर का विवरण

| जिला | अतिरिक्त | रकबा रिस्टोर |
|---|---|---|
| बस्तर | 0 | 2 |
| कांकेर | 7 | 9 |
| बिलासपुर | | 19 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाह | | 7 |
| जांजगीर-चांपा | 38 | 7 |
| कोरबा | 0 | 1 |
| मुंगेली | 17 | 7 |
| रायगढ़ | 1 | 0 |
| सक्ती | 61 | 0 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 16 | 8 |
| बालोद | 23 | 3 |
| दुर्ग | 12 | 1 |
| कवर्धा | 45 | 0 |
| राजनादंगांव | 16 | 1 |
| खैरागढ़ छुईखदान गंडई | 2 | 8 |
| मोहला-मानपुर | 3 | 2 |
| बलौदाबाजार | 21 | 0 |
| धमतरी | 325 | 7 |
| गरियाबंद | 68 | 10 |
| महासमुंद | 50 | 6 |
| रायपुर | 165 | 5 |
| बलरामपुर | 0 | 2 |
| सरगुजा | 0 | 1 |

# जेएन मेडिकल कालेज को मिली एमसीएच सर्जिकल आंकोलॉजी की तीन सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जेएन मेडिकल कालेज रायपुर को एमसीएच के तहत सर्जिकल आंकोलॉजी की तीन सीटें मिली हैं। एनएमसी ने कमियों का हवाला देकर इसे अटका रखा था, जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हरी झंडी दी गई है। पाठ्यक्रम के प्रारंभ होने से कैंसर के ऐसे मरीज जिनके लिये शल्यक्रिया आवश्यक है, उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही प्रदेश को सर्जिकल आंकोलॉजी के सुपर-विशेषज्ञ मिलेंगे। महाविद्यालय के एनएमसी सेल के चेयरमैन डॉ. अरविन्द नेरल ने बताया कि शासकीय मेडिकल कालेज के अंतर्गत सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग में राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से ई-मेल पत्र प्राप्त हुआ है, जिसमें केन्द्र शासन ने निर्णय लिया है कि नेशनल मेडिकल कमीशन को निर्देशित किया जाये कि संबंधित पाठ्यक्रम लेटर ऑफ परमिशन जारी करे। इससे यह महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किया जा सकेगा। इस सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम के प्रारंभ के लिये गत वर्ष के प्रारंभ में ही आवेदन दिया गया था। कुछ कमियों का उल्लेख करते हुये एनएमसी ने स्वीकृति नहीं दी थी।

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से हरी झंडी, एनएमसी में अटका था मामला

### रीजनल कैंसर सेंटर भी

कैंसर विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डा. विवेक चौधरी ने विभाग को रीजनल कैंसर सेंटर के रूप में विकसित किया है। उनकी पहल और नेतृत्व में नेतृत्व कौशल के कारण इस पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने में मदद मिली है। डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह मध्य भारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां यह विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। कैंसर विभाग में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एमडी (रेडियो थैरेपी) की 6 मान्यता प्राप्त सीटें पहले से संचालित की जा रही हैं।

# युवती की गला दबाकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में शादी के लिए दबाव बनाने से तंग होकर एक युवक ने अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। यह मामला वैसे सरस्वती नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्कल बस्ती गीतानगर का है, लेकिन युवती की लाश अमलेश्वर थाना क्षेत्र में मिली है। आरोपी और मृतका दोनों पारिवारिक रिश्ते में भाई-बहन लगते हैं तथा एक ही बस्ती के रहवासी हैं। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था, लेकिन रिश्ते में भाई-बहन के कारण युवक के परिवार वाले उसकी दूसरी शादी कहीं और कराने की तैयारी कर रहे थे। इसका पता चलने पर युवती लगातार युवक पर शादी करने के लिए दबाव बना रही थी। इसी से तंग होकर युवक ने उसकी हत्या कर दी।

- आरोपी और मृतका रिश्ते में भाई-बहन

### गुम इंसान की रिपोर्ट पर जांच कर पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

सरस्वती नगर थाना प्रभारी ने इस हत्याकांड के बारे में बताया कि उत्कल बस्ती गीतानगर में रहने वाली रचना सोना 27 वर्ष 30 जनवरी से लापता थी। उसके गुम होने की सूचना उसके परिजनों ने थाने में दी थी। इसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी। युवती की तलाश के दौरान पुलिस को सुराग मिला कि उसका मोहल्ले में ही रहने वाला विवेक चंद्रे 22 वर्ष के साथ प्रेम प्रसंग था। रचना और विवेक दोनों रिश्ते में भाई-बहन लगते थे। इसके बाद भी दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। बताया जा रहा है कि इस बीच विवेक के घर में उसकी शादी का रिश्ता चलने लगा। इसकी जानकारी जैसे ही रचना को हुई वह विवेक पर उसके साथ शादी करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दी, जबकि विवेक इसके लिए तैयार नहीं था।

# बच्चे की हथेली में घुसा सरिया, डाक्टरों ने कलाई कटने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खेल-खेल में भालानुमा फेंसिंग राड 14 साल के बच्चे की कलाई से घुसकर पंजे के पार हो गया। लहूलुहान हालत में वह डीके अस्पताल पहुंचा, जहां तत्काल सर्जरी कर उसका हाथ बचा लिया गया। लोहे की राड उसकी कलाई की नस और हड्डी को क्षतिग्रस्त कर चुकी थी और देर होने पर इंफेक्शन की वजह से कलाई कटने का खतरा भी था। इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार मोवा इलाके में रहने वाला बालक देवेन्द्र नगर में खेलने आया था। वह गार्डन की सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग राड को फांदने का प्रयास कर रहा था। इसी चक्कर में सुरक्षा के लिए लगाई गई भालानुमा राड उसकी दाहिनी कलाई से घुसकर पंजे के बाहर हो गई। आसपास के लोगों उसी हालत में बच्चे को लेकर डीके अस्पताल पहुंचे। इमरजेंसी यूनिट के डाक्टरों ने जांच में इसे पेनिट्रेटिंग इंजुरी का मामला पाया। बच्चे की कलाई की नस, मांसपेशियों और हड्डियों को काफी नुकसान पहुंचा था। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उसकी तत्काल सर्जरी कर भालानुमा सरिया को बाहर निकाला और क्षतिग्रस्त नसों, हड्डियों की मरम्मत की। बच्चे को कुछ दिन चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया और उसके ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई। गंभीर स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे बच्चे की सर्जरी डा. कृष्णानंद ध्रुव, डा. ईशान अग्निहोत्री, डा. सतीश, डा. प्राची, डा. संगीता एवं एनीस्थिसिया विशेषज्ञ डा. मयंक की टीम ने पूरी की।

- लहूलुहान हालत में पहुंचा डीके अस्पताल, डाक्टरों ने की त्वरित सर्जरी

### छेड़छाड़ करने के बजाय अस्पताल पहुंचे

*कास्मेटिक एवं प्लास्टिक सर्जन डा. कृष्णानंद ध्रुव ने बताया कि इस तरह के किसी भी हादसे अथवा अंग कटने पर किसी तरह की छेड़छाड़ करने के बजाए जल्दी अस्पताल पहुंचना चाहिए। सुरक्षित तरीके से लाए गए अंगों को वापस जोड़ने तथा जरूरी इलाज में इससे आसानी होती है। इस तरह की चोटों से स्थायी नुकसान का खतरा होता है। तेजधार की वस्तुओं का उपयोग या फेसिंग के आसपास खेलने के दौरान सावधानी बरतना चाहिए।*

## बिजनेस साइट

### साईं बाबा अस्पताल में 'टचलेस लेसिक सर्जरी' से इलाज

**रायपुर।** साईं बाबा अस्पताल (एसबीएच) अब अपने मरीजों को एक नई और क्रांतिकारी तकनीक देने के लिए तैयार है। अस्पताल में अब टचलेस लेसिक सर्जरी से मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जो मरीजों को चश्मे से मुक्ति दिलाने में मदद करती है। एसबीएच के वरिष्ठ नेत्र सर्जन/डायरेक्टर डॉ. आशीष महोबिया ने बताया कि इस नई प्रक्रिया के माध्यम से लेसिक सर्जरी बिना किसी शारीरिक संपर्क के पूरी होती है, यानी न तो मरीज को कोई स्पर्श होता है और न ही इंजेक्शन के दर्द का सामना करना पड़ता है। यह सर्जरी पूरी तरह से सुरक्षित और रोबोटिक होती है, जिससे रिकवरी का समय भी कम हो जाता है और मरीज जल्दी ठीक हो जाते हैं।



### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी और आईबीआईटीएफ के बीच एमओयू

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी और आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन (आईबीआईटीएफ) ने नवाचार को बढ़ावा देने, उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देने और उभरते प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अत्याधुनिक समाधान विकसित करने के उद्देश्य से एक सहयोगी साझेदारी स्थापित करने के लिए आधिकारिक तौर पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है, ताकि शैक्षणिक, अनुसंधान और उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ किया जा सके। इस रणनीतिक गठबंधन से दोनों संगठनों के छात्रों, संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे ज्ञान का आदान-प्रदान और तकनीकी विकास की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।



### ऑन सर्विसेज ने लॉन्च की गोअन क्लासिक 350 और स्क्रैम 440

**रायपुर।** साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो में रोज नई-नई गाड़ियां लांच हो रही हैं। इस कड़ी में, रॉयल एनफील्ड के अधिकृत डीलर आन सर्विसेज ने दो नई बाइक्स लांच की हैं। इनमें से पहली बाइक क्रूजर सेगमेंट की गोअन क्लासिक 350 और दूसरी बाइक एडवेंचर-स्क्रैम्ब्लर सेगमेंट की स्क्रैम 440 है। ऑन सर्विसेज के संचालक प्रशांत केसरवानी ने बताया कि इन दोनों बाइक्स को क्रूजर और एडवेंचर-स्क्रैम्ब्लर सेगमेंट में लांच किया गया है, जिससे ये खासकर युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में भाग लेने वाले ग्राहकों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आजीवन रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जो 15 फरवरी तक जारी रहेगी। इससे रॉयल एनफील्ड के ग्राहकों को 6000 से लेकर 16000 रुपए तक का फायदा मिलेगा।



# मच्छर उन्मूलनः एजेंसी को 3 माह का एक्सटेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम द्वारा शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत योजना बनाकर फागिंग और एंट्री लावा का छिड़काव करने वाली दुर्ग की अनुबंधित एजेंसी का ठेका अब रद्द नहीं होगा। तीन माह का फीडबैक लेने के बाद निगम प्रशासन ने संबंधित एजेंसी का 3 माह के लिए काम बढ़ा दिया है। दरअसल, रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने 70 वार्डों में एक साथ मच्छर उन्मूलन के लिए एकीकृत प्लान बनाकर पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत दुर्ग की एजेंसी को ठेका दिया है। 1 करोड़ 25 लाख में यह ठेका 3 माह के लिए ट्रायल पर दिया गया। अनुबंधित एजेंसी ने 100 कर्मचारी रखकर शहर के अलग-अलग वार्डों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव शुरू कराया। साथ ही निगम मुख्यालय में इसका कंट्रोल रूम बनाया गया है। आम जनता की शिकायत सुनने एजेंसी ने टोल फ्री नंबर भी जारी किया, पर पॉयलट प्रोजेक्ट को लेकर नवंबर में हुई एमआईसी की बैठक में सदस्यों ने इस प्रोजेक्ट के औचित्य को लेकर सवाल उठाये।

- दुर्ग की एजेंसी को 1 करोड़ 24 लाख में मिला है ठेका

### दिसंबर तक ट्रायल पर शहर में मच्छर भगाने दिया था काम

विदित हो कि निगम से अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर 2024 तक ट्रायल पर शहर से मच्छर भगाने का काम मिला था। इस अवधि में हुये काम का आकलन कर पब्लिक फीडबैक के बाद निगम आयुक्त ने मार्च तक संबंधित एजेंसी को कार्य के लिए एक्सटेंशन दिया है।

### मास्टर ट्रेनर ने दिया मतदान दलों को प्रशिक्षण

**रायपुर।** स्थानीय निकाय चुनाव के परिपेक्ष्य में मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय सभागृह में नगर निगम रायपुर एवं नगर पंचायत समोदा के मतदान दलों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मशीन के संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान ट्रेनर्स ने मतदान दलों को मतदान सामाग्री प्राप्त करते समय मतदान सामाग्री उनके वार्ड की है यह जरूर सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दल सुबह निर्धारित समय पर सबसे पहले मॉक पोल करवा लें, साथ ही मॉक पोल के डाटा अनिवार्य से क्लियर कर लें। शाम को मतदान समाप्ति के बाद मतपत्र लेखा भी सही ढंग से भरें। उल्लेखनीय है कि रायपुर नगर निगम को 11 फरवरी को मतदान होना है। इसके लिए 1090 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। इन केंद्रों में करीब 4 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रशिक्षण दो पालियों में दिया गया।

# डायलिसिस के कष्टप्रद जीवन से मिली महिला को मुक्ति, दान में मिली किडनी प्रत्यारोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ब्रेनडेड होने के बाद अंगदान करने वाले आर्यंश की किडनी ने 26 साल की महिला को डायलिसिस के कष्टप्रद जीवन से मुक्ति दिलाई। वहीं किसी कारण से अपनी आंखों की रोशनी गंवा चुके बेमेतरा और अंबिकापुर के दो युवकों को उसके रेटिना से उजाला देखना नसीब हुआ। आर्यंश की एक किडनी निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को प्रदान की गई थी। वहीं एक किडनी और दोनों रेटिना एम्स को प्राप्त हुआ था। किडनी का ट्रांसप्लांट दुर्ग में रहने वाली महिला को किया गया। वह सात साल से किडनी की बीमारी से जूझ रही थी। कुछ साल पहले उसने निजी अस्पताल में एबीओ-इनकंपेटिबल ट्रांसप्लांट कराया था जो असफल रहा। दो साल उसका जीवन डायलिसिस पर चल रहा था। वहीं आर्यंश के कार्निया से बेमेतरा और अंबिकापुर के 18-18 वर्षीय दो युवक की दृष्टि लौटी।

- अंगदान, बेमेतरा और अंबिकापुर के दो युवकों की लौटी रोशनी





हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 राधा-कृष्ण मंदिरों में फूलों संग फाग ....

## एजूकेशन अपडेट

## सीबीएसई दसवीं-बारहवीं के लिए प्रवेशपत्र जारी, वेबसाइट से कर सकेंगे डाउनलोड

**रायपुर।** सीबीएसई की ओर से 10वीं 12वीं की परीक्षाओं के लिए प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी। दोनों परीक्षाओं में इस बार करीब 44 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रवेशपत्र स्कूल स्तर पर डाउनलोड होंगे। स्कूल लॉगइन आईडी से प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सभी स्कूल अपने-अपने स्टूडेंट्स को देंगे। प्रवेशपत्रों पर प्रिंसिपल के हस्ताक्षर भी होंगे। गौरतलब है कि इस परीक्षा के लिए टाइम टेबल 3 दिसंबर को जारी कर दिया गया था। सभी स्कूलों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए निर्देश पूर्व में जारी कर दिए गए थे। इस बार उन्हीं स्कूलों में सेंटर बनाए गए हैं, जहां सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था है। स्कूलों को हाई-रेजोल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए थे। परीक्षा केंद्र में 10 कमरों या 240 विद्यार्थियों लिए एक व्यक्ति परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए नियुक्त किए जाने के भी निर्देश गए हैं।

### 15 फरवरी से लेकर 4 अप्रैल तक परीक्षाएं

सीबीएसई की ओर से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 15 फरवरी से लेकर 18 मार्च 2025 तक कराया जाएगा। इसके अलावा 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होकर 4 अप्रैल 2025 तक चलेंगी। एडमिट कार्ड में स्टूडेंट्स का नाम, रोल नंबर, परीक्षा का नाम, डेट ऑफ बर्थ, माता-पिता का नाम, परीक्षा केंद्र के नाम सहित अन्य पर्सनल जानकारियां दर्ज होंगी। ये जानकारी सभी स्टूडेंट्स अच्छे से चेक कर लें और अगर इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो वे तुरंत ही अपने स्कूल से संपर्क करें। छात्र ध्यान रखें कि वे जब भी एग्जाम देने केंद्र पर जाएं तो अपना एडमिट कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं, बिना प्रवेशपत्र के आपको परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा और आपको एग्जाम देने से रोक दिया जाएगा।

### इन स्टेप्स से डाउनलोड किया जा सकता है एडमिट कार्ड

सीबीएसई 10th 12th एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए सर्वप्रथम आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाना होगा। वेबसाइट के होमपेज पर परीक्षा संगम पोर्टल पर क्लिक करें। अब अगले पेज पर कंटीन्यू पर क्लिक करें और प्री-एग्जाम एक्टिविटी पर क्लिक करें। इसके बाद एडमिट कार्ड लिंक पर क्लिक करें। मांगी गई डिटेल (स्कूल विवरण) भरकर सबमिट करें। इसके बाद एडमिट कार्ड स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा, जहां से इसे डाउनलोड कर इसका प्रिंटआउट निकाल लें।

### इजहार करने मिस्टर लिंकन और फ्लोरीबंडा की मांग, वैलेंटाइन वीक की शुरुआत 7 से

# वैलेंटाइन वीक से पहले बढ़े फूलों के भाव, 20 का गुलाब 50 में बिकेगा, दूसरे राज्यों से भी आवक

वैलेंटाइन वीक की शुरुआत 7 फरवरी से होने जा रही है। प्यार का इजहार शुक्रवार को रोज डे से होगा, जिसे लेकर शहर का फूल बाजार गुलजार हो चुका है। इस बार गुलाब के भाव पिछले साल से अधिक बढ़े हुए हैं। 15 और 20 रुपए का गुलाब रोज डे से पहले 30 और 40 रुपए तक पहुंच गया है। वैलेंटाइन वीक के लिए लाल, पीले और सफेद गुलाबों का गुलदस्ता बनाया जा रहा है। युवाओं ने इस बार भी दूसरे राज्यों से विदेशी फूल मंगाए हैं। बाजार में सभी तरह के विदेशी फूलों की मांग बढ़ गई है।

**रायपुर।** लोगों को अब यह आसानी से नहीं मिल रहा। हरिभूमि ने रोज डे को लेकर फूल कारोबारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जब भी गुलाब की मांग बढ़ती है, दाम भी बढ़ जाते हैं। फूलों का स्टॉक कम न हो, इसलिए स्थानीय किसानों के साथ दूसरे राज्यों से भी हजार की संख्या में गुलाब मंगाया है। रोज डे को लेकर गुलाब की कलियों को आकर्षक रूप से सजाना शुरू कर दिया है। गुलाब के केवल पत्ते 250 रुपए किलो में बेचे जा रहे हैं।

### दोस्ती के लिए खरीद रहे पीला गुलाब

शहर के अग्रसेन चौक पर 10 सालों से फूलों का व्यवसाय कर रहे समीर सैनी ने बताया, पिछले तीन साल में युवक-युवतियों की फूल खरीदने के लिए पहले की तरह भीड़ नहीं हो रही है। उम्मीद के अनुसार फूल पिछले साल नहीं बिके थे। इस बार स्थिति ऐसी नहीं है। बुकिंग को देखकर लगा रहा है कि अच्छा व्यापार होगा। युवाओं की मांग अनुसार ही गुलाब के फूल मंगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि रोज डे को लेकर दो तरह के गुलाब की मांग अधिक है। लाल गुलाब प्यार का इजहार करने खरीद रहे हैं तो वही पीला गुलाब दोस्ती की शुरुआत के लिए। इन दोनों फूलों के एक हजार पीस अपने दुकान में बिक्री के लिए मंगाए हैं।







### एक कार्टून में 50 गुलाब

शहर में अधिकतर छोटे व बड़े व्यापारी नर्सरी से फूल खरीद रहे हैं। ऐसे में फूलों की मांग काफी बढ़ गई है। व्यापारी गुलाब खराब न हो, इसलिए दिन के हिसाब से खरीद रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, एक कार्टून में 50 गुलाब होते हैं। राजधानी समेत अन्य बिलासपुर से भी व्यापारियों ने फूल के ऑर्डर दिए हुए हैं। मांग अधिक है। ऐसे में वैलेंटाइन डे तक गुलाबों की कीमत और भी बढ़ सकती है।



### अब 20 का गुलाब 50 में

पिछले तीन दिनों तक एक गुलाब का फूल जहां 20 रुपए में बिक रहा था, वहीं अब एक गुलाब के लिए लोगों को 50 रुपए देने पड़ेंगे। मुख्य बाजार के इतर अंदर के बाजार में दुकानदारों ने मांग बढ़ने पर रेट बढ़ा दिए हैं। 50 गुलाबों का एक गुलदस्ता तैयार बनवाते हैं तो उसके लिए 2500 रुपए से ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे। दुकानदार रंगों के अनुसार फूलों का महत्व भी लोगों को बता रहे हैं। ताजा रखने के लिए कलियों को पानी में भिगोकर रखा गया है।

### ओडिशा, नागपुर कोलकाता से ऑर्डर

रोड के लिए युवा विदेशी फूलों की एडवांस में बुकिंग कर चुके हैं। लंबे समय तक फूल में ताजगी रहे, इसके लिए युवा विदेशी फूल खरीदते हैं। फूल चौक के व्यापारी कमलेश मिश्रा ने बताया कि रोजा ईडन, मिस्टर लिंकन, फ्लोरीबंडा की इस बार भी मांग अधिक रहेगी। इन फूलों में खुशबू लंबे समय तक रहती है। उनका कहना है कि शहर की नर्सरी में विदेशी गुलाब फूल नहीं मिल पाते हैं। इसलिए ओडिशा और नागपुर के साथ कोलकाता से ऑर्डर किया है। वैलेंटाइन डे तक 30 हजार फूल बिक जाएंगे। 30 से 40 रुपए में एक गुलाब मिलेगा।

## सिटी इवेंट

## नई तकनीक से रुकेंगी दुर्घटनाएं खतरा आने से पहले मिलेगी सूचना



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा 'प्रोसेस इंडस्ट्रीज में सुरक्षा और खतरे' विषय पर तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया है। एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन केमिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया, इसमें सौ से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। मंगलवार को आयोजित तकनीकी सत्र में पटना शाखा प्रयोगशाला के वैज्ञानिक-डी और भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त निदेशक आबिद हुसैन की उपस्थिति रही। सत्र के दौरान में बीटेक, एमटेक, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग, पीएचडी शोधार्थी शामिल हुए, जिन्होंने विशेषज्ञों से विषय संबंधित सवाल भी पूछा।

### इंडस्ट्रीज को नवीन तकनीक से मदद

आयोजन में डॉ. जे. आनंदकुमार ने बताया कि तकनीकी सत्र का उद्देश्य विभिन्न उद्योगों में सुरक्षा और खतरों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करना है। इससे व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य व्याख्याता आबिद हुसैन ने उद्योगों में मानकों के महत्व संबंधित जानकारी साझा की। उद्योगों में दुर्घटना होने से कई लोगों की जान चली जाती है। ऐसे में नवीन तकनीकों की मदद से इसे रोका जा सकता है। वहीं खतरा आने से पहले उसका अनुमान लगाकर रोकना भी गंभीर स्थिति बनने नहीं देता। नवीन तकनीकों की मदद से अभ्यर्थी इस क्षेत्र में कार्य करें, जिसका फायदा सभी इंडस्ट्रीज को होगा। कार्यक्रम में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित केशव और अभ्यर्थी शामिल हुए।

### बच्चों ने की मां शारदा की स्तुति, स्कूल में किया हवन-पूजन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन व हवन का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य मनीष गोवर्धन और शिक्षक रोशन सिंह राजपूत जजमान थे। उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार, समस्त संत ज्ञानेश्वर विद्यालय परिवार के शिक्षक व शिक्षिकाओं, पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के छात्र-छात्राओं ने मिलकर सरस्वती पूजन किया। तत्पश्चात सभी हवन में शामिल हुए। उपप्राचार्य ने पूजा के बाद समाज और राष्ट्रहित में काम करने का आव्हान किया। इस अवसर पर बच्चों ने मिलकर मां शारदा स्तुतिगान किया। पूरा विद्यालय परिसर पीत वस्त्रों से सुशोभित था। आम्र मंजरी व पीले पुष्पों से सरस्वतीजी की प्रतिमा को सजाया गया। पूजन व हवन से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर पूजन कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया।



## बस्तरिया पोशाक में नन्हे बच्चों ने मोहा मन, अरपा पैरी के धार पर थिरके कदम

**रायपुर।** बोरियाखुर्द स्थित वेदाचार्य द क्रिएशन वर्ल्ड अकादमी में मंगलवार को वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सुनहरी किलकारी थीम पर रंगारंग प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। इस दौरान देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों पर प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से शुरू हुई, जिसके बाद शिव स्तुति की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने फैंसी ड्रेस एवं मनमोहक डांस प्रतिभा का प्रदर्शन कर खूब वाहवाही लूटी। स्कूल प्राचार्य किशोर सिन्हा ने बताया कि वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति के जरिए बच्चों ने सभी वर्गों को सकारात्मक संदेश दिया। अभिभावकों के लिए भी मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया था। नृत्य के जरिए बच्चों ने प्रतिभा दिखाई।



### छत्तीसगढ़ी गीत पर झूमे बच्चे

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ी नृत्य का रहा। यहां बच्चे छत्तीसगढ़ी पोशाक में नजर आए। बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से सभी को खूब झूमाया। पहली प्रस्तुति राजकीय गीत अरपा पैरी के धार... से हुई। समूह नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुआ, करमा, ददरिया, राउत नाचा समेत बस्तरिया नृत्य प्रस्तुत कर खूब रंग जमाया। इस दौरान छत्तीसगढ़ी गीत महुवा झरे...की प्रस्तुति ने हर किसी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रमुख मंजू परिहार, कनीज फातिमा, नम्रता सिन्हा, प्रीति साहू, ज्योति यादव, काजल कोसले, पूजा नसरीन सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।



## जेसीआई ने परिवार के साथ मनाया बसंत उत्सव

**रायपुर।** जेसीआई वामांजलि के सदस्यों द्वारा सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सदस्यों ने पाटन स्थित एपीएस फार्म्स में सरस्वती पूजन आरती एवं हवन किया। साथ ही बच्चे और बुजुर्गों ने मिलकर आपस में समय बिताया। वामांजलि की अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत ने बताया कि सामूहिक रूप से मां सरस्वती पूजा आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्थान के लोगों की मौजूदगी है। व्यस्त दिनचर्या में सभी के लिए वक्त निकालना मुश्किल होता है, ऐसे में यह आयोजन संस्थान के सभी सदस्यों को एक साथ ले आया है। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, बच्चे और बुजुर्गों की उपस्थिति भी बनी रही।

### सरस्वती पूजन, पिकनिक भी

जेसीआई वामांजलि के सदस्यों ने बताया कि संस्थान द्वारा नए वर्ष पर अनेक सामाजिक हित के कार्य किए जाएंगे। इसमें शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूली बच्चों की शिक्षा और बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधित शिविर के माध्यम से कार्य करने की योजना बनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा इनडोर और आउटडोर गेम्स का आयोजन किया गया। इमसे पुराने सदाबहार गीतों के साथ पुराने दिनों के खेल को याद किया गया। साथ ही बचपन के खेल इसमें शामिल रहे। 30 से अधिक महिलाएं मौजूद रहीं, इसमें सविता गुप्ता, दिशा रत्नानी, संगीता अनल, अर्चना द्विवेदी, प्रियंका गुप्ता और ईशानी तोतलानी उपस्थित रहीं।

## कॉर्नर न्यूज

### कार में बिल्ड क्वालिटी के साथ फीचर्स को दे रहे तवज्जो

# ऑटो एक्सपो: 21 दिनों में 200 करोड़ का कारोबार रोजाना 700 बुकिंग, दूसरे राज्यों से भी पहुंच रहे लोग

**रायपुर।** राजधानी के साइंस कॉलेज ग्राउंड में 15 जनवरी से शुरू हुए रायपुर ऑटो एक्सपो में प्रीमियम दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। अब रोजाना करीब 500-600 गाड़ियों की बुकिंग हो रही है। ऑटो एक्सपो अब तक 15116 दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बिक्री हो चुकी है। इसमें लोग सबसे ज्यादा एसयूवी खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। 200 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस हो चुका है। इसके अलावा युवाओं का क्रेज ऑटो एक्सपो में देखने को मिला, रोजाना करीब सैकड़ों की संख्या में युवा ऑटो एक्सपो पहुंच रहे हैं। इनमें युवा गाड़ियों की बुकिंग भी करा रहे हैं। चारपहिया वाहन में सबसे ज्यादा एसयूवी में महिंद्रा, टाटा, जैसी गाड़ियों में एडास जैसे एडवांस सेफ्टी फीचर्स और बिल्डअप क्वालिटी के कारण दिलचस्पी दिखा रहे हैं। रोजाना सैकड़ों गाड़ियां बिक रही हैं। इसके अलावा राडा ऑटो एक्सपो में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में कोलकाता डांस ग्रुप, लाइव बैंड, ओपन माइक सिंगिंग जैसे कार्यक्रम में कलाकार अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह रहे हैं।



### लाइव सिंगिंग का लुत्फ उठा रहे लोग

*रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी कल्चरल गीतों में लड़कियां अपना मनमोहक प्रस्तुति से वहां पहुंचे लोगों का दिल जीता, एक्सपो में पहुंच रहे लोग लाइव सिंगिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। इसके अलावा कोलकाता से पहुंचे डांस ग्रुप के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा।*

### एसयूवी लोगों की पहली पसंद

राडा ऑटो एक्सपो के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी बताते हैं कि ऑटो एक्सपो में अब तक 4 हजार से अधिक दोपहिया वाहनों की बिक्री हो चुकी है, 9 हजार से ज्यादा चारपहिया वाहन बिक चुके हैं। रोजाना करीब 700 की बुकिंग हो रही है। इनमें सबसे ज्यादा युवा एसयूवी में टाटा, महिंद्रा, सुजुकी, हुंडई, होंडा जैसी कई कंपनियों की हजारों एसयूवी कार से प्रीमियम कार लोग पसंद कर रहे हैं। अब तक दो सौ करोड़ से ज्यादा का व्यापार हो चुका है और 58 करोड़ से ज्यादा का टैक्स रिबेट हो चुका है। लोग एडास और बिल्ड क्वालिटी के साथ फीचर्स को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं।



## कैंपस लाइव

# दुर्गा महाविद्यालय की हीरक जयंती पर होगा पूर्व छात्रों का मिलन समारोह




रायपुर। दुर्गा महाविद्यालय की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर महाविद्यालय द्वारा हीरक जयंती वर्ष मनाया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय प्रारंभ होने से लेकर वर्ष 2024 तक के समस्त पूर्व छात्रों का मिलन समारोह 16 फरवरी को दोपहर 1 बजे आयोजित किया गया है। मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक महाविद्यालय के प्राचार्य, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न समितियों का गठन किया गया। महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने की जिम्मेदारी रविवि विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष जग्गू सिंह ठाकुर, संजय शर्मा, अजय दानी को दी गई है।

### इन्हें मिली जिम्मेदारी

बैनर-पोस्टर-मोमेंटो के लिए राजेश मिश्रा, अमरजीत छाबड़ा, सत्यप्रकाश, वीडियो एवं फोटोग्राफी की जवाबदारी अमरजीत सिंह संधू को दी गई। स्वागत समिति में जसबीर सलूजा, जयप्रकाश उपाध्याय, वसंत सेठिया, पूजा मोहिते, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अमन झा, विजय शर्मा, रजी मोहम्मद, हरिराम शर्मा, कार्तिक गायकवाड़, कोष संग्रहण की जवाबदारी संतोष अग्रवाल, वसंत सेठिया, अजय दानी, जसबीर सलूजा, जयप्रकाश उपाध्याय को दी गई है। कोर कमेटी में संतोष अग्रवाल, अजय दानी, अजय शर्मा, संजय शर्मा, किशोर पटेल शामिल हैं।

## धर्म लाइव

# गुलाब के फूलों से सहस्त्रार्चन और रुद्राभिषेक, लेखनी-पुस्तक की पूजा



रायपुर। बसंत पंचमी के अवसर पर श्री शंकराचार्य आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी के श्रीयंत्र पूजन के साथ उनका गुलाब के फूलों से सहस्त्रार्चन और रुद्राभिषेक इसके बाद लेखनी-पुस्तक पूजा हुई है। इस दौरान बोरियाखुर्द स्थित शंकराचार्य आश्रम में सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचे 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी के पर्व की महत्ता का वर्णन करते हुए बताया कि माघ शुक्ल प्रतिपदा से नवमी सारस्वत नवरात्रि में बसंत पंचमी सर्वोत्तम पर्व है, इस दौरान नवरात्रि में महासरस्वती की उपासना करते उन्हें ज्ञान की प्राप्ति होती है। बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या एवं कला की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की उपासना का सर्वोत्तम पर्व है।

### गुप्त नवरात्रि की साधना से दिव्य अनुभूति

साथ ही उन्होंने आगे नवरात्रि के विशेषता बताते हुए कहा कि नवरात्रि चार प्रकार की होती है, जिसमें दो गुप्त और दो प्रकट नवरात्रि होती है। गुप्त नवरात्रि की साधना से दिव्य अनुभूति प्राप्त होती है। नवरात्रि की पंचमी में लेखनी और पुस्तक का पूजा के बाद बच्चों की विद्या प्रारंभ होती है। भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी भी अनंत फल प्रदान करने वाली हैं। ये श्रीयंत्र की अधिष्ठात्री हैं, इनकी पूजन से भोग और मोक्ष दोनों प्राप्त होते हैं अर्थात जब तक हम संसार में हैं, तब तक सभी प्रकार का ऐश्वर्य हमें प्राप्त होता है और अंत में परम पद प्राप्त होता है। आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का विशेष पूजन, श्रीयंत्र पूजन, गुलाब पुष्पों से सहस्त्रार्चन, रुद्राभिषेक एवं लेखनी-पुस्तक पूजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे।

## समाज इवेंट

# जूनियर जेसीआई ने दृष्टिबाधित बच्चों को खिलाया मनपसंद भोजन



रायपुर। जूनियर जेसीआई ने साल के अपने पहले कार्यक्रम के माध्यम से इस वर्ष कुछ नया और बेहतर करने की उनकी भावना का संदेश देने के उद्देश्य से दृष्टिबाधित स्कूल में आहार सेवा दी। जूनियर जेसी आलोक अग्रवाल ने आज अपने जूनियर जेसी साथियों के साथ अपने प्रोग्राम नई उड़ान के तहत एक नेक काम की शुरुआत की। जहां आहार सेवा के रूप में सभी ने विद्या मंदिर के दृष्टिहीन बच्चों को खाना खिलाया और उनके साथ वक्त बिताया। रोशनी सिर्फ आँखों में नहीं, हौसलों में भी होती है,जो मन में उजाला रखते हैं, उनकी दुनिया भी रोशन होती है। कुछ इसी तरह का हौसला जूनियर जेसी के प्रोग्राम में दिखा।

### बच्चों को दिया अपना परिचय

नयनदीप विद्या मंदिर के बच्चों ने अपना-अपना परिचय दिया और सभी के अनुरोध पर दो बहुत ही सुंदर गाने सुनाए। कार्यक्रम की डायरेक्टर्स वनीशा नितिन अग्रवाल एवं इनाया मोनिश अग्रवाल ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम में जूनियर जेसी का उत्साह वर्धन करने आलोक अग्रवाल, अमूल जैन, जेसी तोरण अटल, रोहित राज मोदी, पास्ट चेयरपर्सन लेडी अंजू गजवानी, पास्ट चेयरपर्सन लेडी दीक्षा अग्रवाल, पास्ट चेयरपर्सन लेडी अम्बालिका अग्रवाल, लेडी नीति बल्लेवार, लेडी गुंजा पिंचा, लेडी रेशु जैन ने उपस्तिथि दर्ज कराई।

## बृज की तर्ज पर बसंत पंचमी के बाद मंदिरों में विधिवत शुरू हुआ फाग उत्सव

# राधा-कृष्ण मंदिरों में फूलों संग फाग उत्सव प्रारंभ 40 दिनों तक जुगलजोड़ी सरकार का विशेष श्रृंगार

बसंत पंचमी से ही ब्रज, वृंदावन, बनारस के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिरों में होली की शुरुआत हो गई है। मंदिरों के तर्ज पर शहर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में भी होली उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। मंदिर में ब्राह्मणों द्वारा आराध्य को गुलाल लगाकर महोत्सव का शुभारंभ किया गया, वहीं प्रसादी गुलाल के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली। प्रत्येक वर्ष होली के 40 दिन पहले ही गोपाल मंदिरों होली उत्सव की शुरुआत हो जाती हैं, जहां फाग गीत और वृंदावन,बनारस की गलियों-सी धूम शहर में भी देखने को मिलती है।



रायपुर। मंदिर के सदस्यों ने बताया कि बसंत पंचमी से ठाकुरजी पर गुलाल लगाया जा रहा है, साथ ही सफेद वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। ऐसे में होली नजदीक आते ही फाग गीत की टोलियां परिसर में शामिल होंगी, जो होली के अनेक रंगों की तरह तबला, नगाड़ा, बाजा के साथ भजन गायन करेंगी। इस वर्ष 14 मार्च को होली मनाई जाएगी, इस्कॉन मंदिर में नित्यानंद त्रयोदशी से भव्य होली महोत्सव की शुरुआत होने जा रही है।

### सफेद पोशाक से श्रृंगार



सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर से पं. हरेंद्र ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर से विशेष श्रृंगार पूजन शुरू हो गया है। होली से पहले लगभग 40-41 दिनों तक मंदिर में रोजाना होली महोत्सव मनाया जाएगा। शहरवासी श्रीकृष्ण के साथ होली खेलने एकत्रित होंगे, इस अवसर पर सफेद पोशाक और प्राकृतिक गुलाल लगाया जा रहा है।

### नित्यानंद त्रयोदशी से होली महोत्सव



टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर से चांद कुमार साहू ने बताया कि नित्यानंद त्रयोदशी 10 फरवरी से होली महोत्सव का प्रारंभ होगा। इससे पहले मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा, साथ ही रोजाना श्रीकृष्ण का श्रृंगार अनोखे रंगबिरंगे फूलों से किया जाएगा। प्रतिमाओं के समक्ष पिचकारी, गुलाल, रंग से भरी बाल्टी, मटकी, फूलों से भरा टोकरी रखा जाएगा। इस अवसर पर पीले रंग का फल और रंग-बिरंगे चावलों से बना खीर विशेष भोग तैयार किया जाएगा। मंगला आरती के वक्त श्रीकृष्ण-राधारानी के पैरों पर चंदन का लेप और अबीर गुलाल लगाया जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं के साथ फूलों से होली खेली जाएगी।

### टेसू के फूलों से प्राकृतिक गुलाल

बूढ़ातालाब स्थित गोकुलचंद्रा मंदिर से मीना पांड्या ने बताया कि बसंत पंचमी से ठाकुरजी पर हल्का गुलाल लगाया जा रहा है। माघी पूर्णिमा 12 फरवरी को भव्य रूप से होली महोत्सव की शुरुआत होगी। मान्यता के अनुसार ठाकुरजी के लिए टेसू के फूल से प्राकृतिक गुलाल तैयार किया जाएगा, जिसे होली से कुछ दिन पहले विशेष रूप से बनाया जाएगा।

### मंदिर में बढ़ने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

महादेवघाट स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पं. दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि मंदिर में फाग महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान राधाकृष्णजी के लिए गेंदा, गुलाब, गुड़हल फूल और देशी गुलाब की पत्तियों को पीसकर गुलाल तैयार किया गया है। साथ ही सफेद पोशाक से प्रतिमाओं का श्रृंगार किया जाएगा, होली महोत्सव के अवसर पर ही सफेद पोशाक से भगवान का श्रृंगार किया जाता है। वसंत पंचमी से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ने लगती है।

### मैथिल ब्राह्मण एवं टोलियां गाएंगी फाग गीत

पुरानी बस्ती स्थित गोपी दास मंदिर से महाराज चंदन ने बताया कि बसंत पंचमी से ही होली उत्सव मंदिर में प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में वृंदावन से लाई गई पोशाक और प्राकृतिक गुलाल भगवान की प्रतिमा को लगाया जा रहा है। इस अवसर पर मैथिल ब्राह्मण और फाग गीत मंडलियों द्वारा होली उत्सव के गीत एवं भजन सुनने को मिलेगा।

### मंदिर में लगाया अरंडी का पौधा

पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि होलिका दहन की तैयारी मंदिर में शुरू हो गई है। मान्यता अनुसार वसंत पंचमी में मंदिर प्रांगण में अरंडी का पौधा लगाया गया है। इस पेड़ की पत्तियां, जड़ें, फूल, फल सभी औषधि से पूर्ण होते हैं, जिसके कारण इसे लगाया जाता है। होलिका दहन के दिन इसे सजाया जाएगा, इससे वातावरण में मौजूद कीटाणु नष्ट होंगे और औषधियुक्त हवा लोगों तक पहुंचेगी।

# नाटक से सीनियर्स को दी भावनात्मक विदाई




रायपुर। द ग्रेट इंडिया स्कूल के जूनियर छात्रों ने नई राहें कार्यक्रम के माध्यम से 12वीं के छात्रों को भावनात्मक और यादगार विदाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह ने दीप जलाकर की, इसके बाद बच्चों को संबोधित करते हुए परीक्षा और बेहतर कैरियर के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का दिन आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सभी के लिए सफलता की ऊंचाइयां और भविष्य में नए रास्ते खुलें। इसके बाद जूनियर्स ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें उन्होंने नृत्य, संगीत, और ड्रामा के माध्यम अपनी भावना और सीनियर्स के प्रति आदर को दर्शाया। इस दौरान सीनियर्स-जूनियर्स छात्रों की आंखें नम हो गईं। 11वीं के छात्रों ने अपने भावनात्मक नाट्य प्रस्तुति के जरिए सीनियर्स के साथ बिताए पलों को याद किया। इस दौरान 12वीं के छात्र-छात्राओं ने स्कूल प्रबंधन, अपने शिक्षकों और प्रधानाचार्य को धन्यवाद करते हुए आगे के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

### सीनियर्स के चेहरे पर मुस्कान, आंखों में आंसू


*कार्यक्रम के अंत में छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें यादगार उपहार जूनियर्स ने दिए। उत्साह के साथ सभी के आंखों में भावुकता झलक उठी। इस अवसर पर कुछ छात्रों की आंखों में आंसू थे तो कुछ मुस्कान के साथ अपने भविष्य के लिए तैयार थे। विदाई समारोह ने सबको यह एहसास दिलाया कि भले ही वे अब स्कूल से विदा ले रहे हैं, लेकिन हमेशा इस स्कूल और अपने शिक्षकों के दिलों में रहेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या रश्मि बोडे, मुख्य प्रशासक कर्नल रविंद्र वर्मा व निदेशक सिद्धार्थ सिंह सहित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।*

# बीमारी से घबराएं नहीं, समय पर कराएं बेहतर इलाज



रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान से ऑक्सीजोन तक रैली निकाली गई। इसके बाद कैंसर के लक्षण पहचानने और नियमित इलाज के लिए प्रेरित करने के लिए रेडियोथेरेपी विभाग के जूनियर एवं सीनियर रेसिडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़-नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डॉक्टरों ने लोगों को यह संदेश दिया कि कैंसर बीमारी से घबराना नहीं है, बल्कि सही समय पर बेहतर इलाज और जागरूकता की मदद से इस पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के कर्मचारियों की तरफ से कैंसर मरीजों के लिए मॉडल ब्लड बैंक में रक्तदान दिया। इस दौरान डीन डॉ. विवेक चौधरी समेत विभाग के अन्य डॉक्टरों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. अरविंद नेरल, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी और डॉ. अमित कुमार भारद्वाज, इंचार्ज मॉडल ब्लड सेंटर ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया, उनका सम्मान किया।

# श्री मुनिसुव्रत जिनालय दादावाड़ी के भूमिपूजन पर 3 दिवसीय महामहोत्सव



रायपुर। छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर राजधानी के आनंदम वर्ल्ड सिटी में श्री मुनिसुव्रत जिनालय दादाबाड़ी के भूमिपूजन पर 3 दिवसीय महामहोत्सव 5 से 7 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। श्री मुनिसुव्रत स्वामी जैन श्वेतांबर संघ की ओर से अखिल भारतीय खर्तरगच्छ महासंघ के तत्वावधान में गणि पदारोहण-बड़ी दीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सभी कार्यक्रम मनोज कुमारजी, बाबूम जी हरण के मार्गदर्शन में संपन्न होंगे। महोत्सव का शुभारंभ पूज्य गुरु भगवंतों का गाजे-बाजे के बीच ऐतिहासिक प्रवेशोत्सव के साथ बुधवार 5 फरवरी को होगा। महोत्सव के पहले दिन सुबह 8.30 बजे स्नात्र पूजा होगी और 9 बजे से प्रवचन होगा। महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार 6 फरवरी को सुबह 8.30 बजे 1008 पुण्यवंतों द्वारा जिनालय दादावाड़ी का भूमिपूजन एवं भूमिग्रहण समारोह का आयोजन होगा।

### श्रावक-श्राविकाओं के लिए वाहन की सुविधा

*आनंदम वर्ल्ड सिटी में आयोजित भूमि पूजन महामहोत्सव स्थल तक पहुंचने शहरभर के जैन मंदिरों से श्रावक-श्राविकाओं के लिए 6 और 7 फरवरी को सुबह 7 से 10 बजे तक पिकअप एवं ड्रॉप की सुविधा रहेगी। राजधानी के सदर बाजार जैन मंदिर, शंकर नगर जैन मंदिर, विवेकानंद नगर, भैरव सोसायटी, आम्रपाली, फाफाडीह के कुंथुनाथ जैन मंदिर, शीतलनाथ जिनालय देवेंद्र नगर, राजेंद्र नगर जैन मंदिर, चौबे कॉलोनी से यह व्यवस्था होगी।*

साथ ही दोपहर 1.30 बजे सिद्धचक्र महापूजन होगा और शाम 7.30 बजे सांझी संगीत एवं भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें गायक राहुल झाबक अपनी मधुर प्रस्तुति देंगे। वहीं शुक्रवार 7 फरवरी को सुबह 7.30 बजे से विराट तपस्वी परम पूज्य विरागमुनि जी की पावन निश्रा में गणि पदवी आरोहण होगा और परम पूज्य सोमभद्र मुनि, परम पूज्य सुहस्ति भद्र मुनि और साध्वी अरिष्टलब्धि श्रीजी की निश्रा में बड़ी दीक्षा होगी।

## 17 मार्च से 5वीं और 18 से 8वीं बोर्ड परीक्षा, रिटर्न और प्रैक्टिकल दोनों एग्जाम होंगे

# 4 दिन पहले शुरू करें 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा का रिविजन मानसिक दबाव से बचने पालक भी पढ़ाई में दें साथ

कार्नर न्यूज

छत्तीसगढ़ में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसमें 17 मार्च से 5वीं और 18 से 8वीं बोर्ड के एग्जाम होंगे। छग स्कूल शिक्षा विभाग ने परीक्षा लेने से लेकर रिजल्ट जारी करने का ब्लूप्रिंट भी साझा किया है, जिसमें परीक्षा पैटर्न, मूल्यांकन प्रक्रिया और अन्य बाकी दिशा-निर्देश बताए गए हैं।

### पहले पेपर का रिविजन 4 दिन पहले शुरू करें




काउंसलर पूजा डागा ने बताया कि 5वीं-8वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सभी विषयों के समय सारिणी के अनुसार तैयारी करनी चाहिए। माता-पिता महत्वपूर्ण विषयों की तैयारी कराते वक्त दो महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखें। पहली, अभ्यार्थियों को जवाब सरल भाषा में हो और प्यार से समझाएं, दूसरी, पढ़ाई के दौरान शॉर्ट नोट्स बनाते चलें। फाइनल एग्जाम से चार दिन पहले ही फर्स्ट पेपर का रिविजन शुरू करें, इससे पढ़ने का ज्यादा वक्त मिलेगा और डाउट प्रश्न को समझने का भी मौका मिलेगा। वहीं रोजाना सुबह मेडिटेशन, समय पर भोजन, नियमित नींद और शरीर को हाइड्रेट रखें। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है।

रायपुर। समय सारिणी के अनुसार सुबह 8-10 पांचवी और सुबह 8-11 बजे आंठवी कक्षा की परीक्षा संचालित की जाएगी। शिक्षा विभाग सप्लीमेंट्री एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को भी अगली क्लास में प्रमोट करने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समय सारिणी जारी करने के बाद छात्रों की तैयारी जोरों पर है। जहां माता-पिता और शिक्षक छात्रों के अच्छे परिणाम की तैयारी में लगे हुए हैं। इस स्थिति में अभ्यर्थी मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं, जिनका मनोबल बढ़ाना सबसे जरूरी है। हरिभूमि टीम ने बोर्ड परीक्षा के दौरान बच्चों की पढ़ाई संबंधित समस्याओं को लेकर काउंसलर से चर्चा की। उन्होंने बताया कि माता-पिता का सपोर्ट अभ्यर्थियों के लिए मनोबल बढ़ाने का काम करता है। घर का सकारात्मक माहौल और सोच पढ़ाई के लिए बच्चों को प्रेरित करता है।

### माता-पिता बच्चों का मनोबल बढ़ाएं

काउंसलर डॉ. सिम्मी श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के दौरान पांच महत्वपूर्ण बातों का ध्यान जरूरी है। पहली, माता-पिता बच्चों का मनोबल बढ़ाएं, दूसरी, भोजन का ध्यान रखें, तीसरी, अभ्यर्थियों को 8 घंटे की नींद जरूरी है, चौथी, परिजन दूसरे बच्चों की तुलना अपने बच्चों के साथ न करें, पांचवी, रिवीजन कराते वक्त बच्चों को प्यार से समझाएं। रट्टा मारने पर ध्यान न दें, इससे लंबे समय तय जवाब याद रखना मुश्किल हो जाता है। रोजाना बच्चों से कहें, तुम जितनी मेहनत करोगे, उतना अच्छा ही परिणाम आएगा, लेकिन बेहतर परिणाम नहीं आया तो भी कोई दिक्कत नहीं है, पर तुम पूरी मेहनत करो। विद्यार्थी पहली बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे, ऐसे में मानसिक रूप से मनोबल बढ़ाना सबसे जरूरी है। इससे बच्चे खुद को अकेला नहीं पाएंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के अंश ने बनाए शानदार 56 रन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिसट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 05 जनवरी से जारी है। टुर्नामेंट में फायनल मैच मंगलवार (04 फरवरी से 07 फरवरी) तक खेला जायेगा। पहले दिन रायपुर बनाम प्लेट कंबाइंड का मैच आर डी सी ए मैदान रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 56 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से अंश राज आर्यन ने सर्वाधिक 56 रन तथा रोहित यादव ने 44 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से वेदांत जैन ने 3 विकेट, कृष्णा टांक तथा कुनाल सोनी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक, रायपुर ने अपनी पहली पारी में 32 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 125 रन बना लिये हैं। रायपुर की ओर से युवराज विश्वकर्मा ने 41 रन तथा कुणाल सोनी ने नाबाद 36 रनों का योगदान दिया। वही प्लेट कंबाइंड की ओर से ओम कोशले तथा आदित्य यादव ने 1-1 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक रायपुर 34 रनों से पीछे है।

### राष्ट्रीय खेल में भूमि ने तैराकी में छत्तीसगढ़ को दिलाया कांस्य पदक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात भूमि गुप्ता राष्ट्रीय खेल में पहली बार तैराकी खेल में छत्तीसगढ़ को पदक दिलाने वाली खिलाडी बनी। छत्तीसगढ़ ने 38 वें राष्ट्रीय खेल में अभी तक कुल 05 स्वर्ण पदक एवं 07 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक प्राप्त किए है।

हल्द्वानी में आयोजित तैराकी खेल में छत्तीसगढ़ की भूमि गुप्ता ने 200 मीटर व्यक्तिगत मिश्रित (इंडिविजुअल मेडले-आईएम) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2:31.30 समय लेते हुए फाइनल के लिए के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल इवेंट में भूमि गुप्ता ने अपने अच्छे खेल को बरक़रार रखते हुए 200 मीटर व्यक्तिगत मिश्रित में अपने समय में और सुधार करते हुए 2:29.54 का समय लेते हुए छत्तीसगढ़ के लिए कांस्य पदक प्राप्त किया। भूमि गुप्ता ऐसी पहली तैराक है जिसने छत्तीसगढ़ के लिए पदक प्राप्त किया है। इसी तरह तीरंदाजी की इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट अपने पहले मैच में असम को 6-4 से पराजित कर सेमीफइनल में प्रवेश किया। सेमीफइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला मणिपुर के साथ हुआ। जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम को मणिपुर से 1-5 से हार का सामना करना पड़ा। कांस्य पदक के लिए इंडियन राउंड महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ का मुकाबला उत्तराखंड के साथ 07 फ़रवरी को होगा। छत्तीसगढ़ की इंडियन राउंड महिला टीम में सुलोचना, चांदनी साहू, सुशीला नेताम एवं हर्षिता साहू शामिल है।

38 वे राष्ट्रीय खेल में कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी भूमि गुप्ता को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी सहित छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

### 38वीं राष्ट्रीय खेल में तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ का एक पदक तय



**रायपुर।** 38 वें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ की तीरंदाजी टीम ने अपना एक पदक पक्का कर लिया है।चांदनी साहू बालिका वर्ग में व्यक्तिगत प्रतियोगिता में फाइनल में पहुंच गई। 7 फरवरी को फाइनल टूर्नामेंट है, जिसमें गोल्ड या सिल्वर मेडल मिलना तय है। इसी तरह इंडियन बालिका टीम सेमी फाइनल में पहुंच गई है। 7 फरवरी को तीसरा या चौथा स्थान हासिल करने के लिए खेलेंगे। कंपाउंड वर्ग में तोमन कुमार टॉप 16 में खेलने के बाद बाहर हुए है। इसी तरह रिकर्व वर्ग का टूर्नामेंट चल रहा है। इस प्रतियोगिता में बालक बालिका मैदान में डटे हुए है और टॉप 32 में खेल रहे है।

## पाचन बेहतर करने आज हमारे पास कई विकल्प मौजूद

# आज हर उम्र के लोगों की सबसे बड़ी समस्या बन गई है गैस की, पेट हल्का करने जरूरी है कुछ उपाय अपनाना

आजकल पाचन से संबंधित समस्याओं का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। भोजन के रखरखाव में गड़बड़ी, बैक्टीरिया-वायरस से दूषित आहार का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा सर्दियों के दिनों में कम पानी पीने से डिहाइड्रेशन का भी जोखिम रहता है जिसके कारण भोजन के पाचन पर गलत असर हो सकता है। ये स्थितियां अपच-गैस और पेट फूलने जैसी दिक्कतें बढ़ा सकती हैं। अगर आप भी ऐसी ही परेशानी से जूझ रहे हैं तो चंद मिनटों में इन सिंपल ट्रिक्स से अपना पेट साफ कर सकते हैं।





### फाइबर वाले फूड का करें सेवन

पेट से जुड़ी समस्या के अनहेल्दी आंतो के कारण होती है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में फाइबर का सेवन करना चाहिए। यह आंतो को हेल्दी रखने में काफी मदद करता है। अगर आप भी कब्ज का शिकार हो रहे हैं तो ऐसी फल और सब्जियों का सेवन करें, जो फाइबर से भरपूर होती हैं। आइए आपको बताते हैं इन फल और सब्जियों के बारे में।

सेब- पेट साफ करने के लिए सेब काफी प्रभावी होता है। इसमें फाइबर के गुण होते हैं, जो आपको गैस से छुटकारा दिलाता है।

कीवी- पेट साफ करने के लिए आप कीवी का सेवन भी कर सकते हैं। यह खाना डाइजेस्ट करने में काफी मदद करता है और पेट साफ करता है



हरी सब्जियां- पालक, मेथी और बाकी हरी पत्तेदार सब्जियां फाइबर से भरपूर होती हैं, यह कब्ज की समस्या से राहत देती हैं

साबुत अनाज- साबुत अनाज का सेवन में भी पाचन तंत्र को दुरुस्त करने में कारगर होता है। दलिया में घुलनशील फाइबर होता है, जो पेट को साफ करता है

प्रोबायोटिक्स से भरपूर चीजें

प्रोबायोटिक्स वाले यानी डेयरी उत्पाद जैसे दही और छाछ पाचन तंत्र को मजबूत करते हैं। इनमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं जो आंतों को साफ रखने में सहायक होते है। इसका सेवन कर के आप गैस और अपच जैसी समस्याओं से बच सकते हैं।



## इन संकेतों से पता लगाएं कि दोस्त सच्चा है या पीठ पीछे करता है बुराई

अगर आपके आसपास भी कोई ऐसा दोस्त है जो धोखेबाज दोस्तों वाली हरकतें करता है, तो बेहतर है कि उससे दूरी बना लें और उन दोस्तों को महत्व दें जो सच में आपके अपने हैं। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपका दोस्त सच्चा है या सिर्फ नाम का, तो इन संकेतों को ध्यान से पढ़ें।

अक्सर हम जिन लोगों को अपना अच्छा दोस्त समझते हैं, वे असल में झूठे दोस्त होते हैं। ये दोस्त सामने तो मीठी बातें करते हैं लेकिन पीठ पीछे बुराई करने से पीछे नहीं हटते। नकली दोस्त आपसे झूठ बोलते हैं। आपकी दोस्ती का फायदा उठाते हैं या कभी भी धोखा दे सकते हैं। अगर आपके आसपास भी कोई ऐसा दोस्त है जो धोखेबाज दोस्तों वाली हरकतें करता है, तो बेहतर है कि उससे दूरी बना लें और उन दोस्तों को महत्व दें जो सच में आपके अपने हैं। अगर आप भी जानना चाहते हैं कि आपका दोस्त सच्चा है या सिर्फ नाम का, तो इन संकेतों को ध्यान से पढ़ें।

### सामने मीठे और पीठ पीछे बुराई

नकली दोस्त की पहचान यही होती है कि वे सामने तो आपकी तारीफ करते हैं लेकिन जैसे ही आप वहां से हटेंगे, आपकी बुराई करने लगेंगे। अगर आपको बार-बार दूसरे लोगों से अपनी बुराई सुनने को मिल रही है, तो सावधान हो जाएं।

### जरूरत पड़ने पर गायब हो जाना



सच्चे दोस्त हर अच्छे-बुरे वक्त में आपके साथ होते हैं, लेकिन झूठे दोस्त सिर्फ अपने फायदे के समय आपके आसपास रहते हैं। जब आपको उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब वे बहाने बनाकर गायब हो जाते हैं।

### आपके राज दूसरों को बताना

अगर आपने अपने दोस्त को कोई सीक्रेट बताया है और वह बात धीरे-धीरे सब तक पहुंच गई, तो इसका मतलब है कि वह दोस्त भरोसेमंद नहीं है। सच्चे दोस्त आपकी निजी बातें दूसरों के सामने उजागर नहीं करते।

### नीचा दिखाने की कोशिश

अगर आपका कोई दोस्त हमेशा आपको कम आंकने की कोशिश करता है, आपकी उपलब्धियों को छोटा दिखाता है या दूसरों के सामने मजाक बनाता है, तो वह सच्चा दोस्त नहीं है।

### दोस्ती में प्रतियोगिता

नकली दोस्त को आपकी खुशी और सफलता से जलन होती है। वे हमेशा खुद को आपसे बेहतर साबित करने की कोशिश करते हैं और जब आप आगे बढ़ते हैं, तो उन्हें तकलीफ होती है।

### फायदे के लिए जुड़े रहना

अगर कोई दोस्त सिर्फ अपना काम होने पर ही आपको याद करता है लेकिन जब आप किसी मदद के लिए बुलाते हैं तो बहाने बनाता है, तो वह दोस्त नहीं बल्कि सिर्फ एक यूजर है। ऐसे लोग दोस्ती की आड़ में आपका फायदा उठाते हैं।



## बिना धूप के भी तैयार हो जाएगा अचार, सर्दियों में करें फटाफट तैयार



गाजर और मूली का इंस्टेंट अचार बिना धूप में सुखाए भी आसानी से बन जाता है। इसे बनाने में न तो अधिक वक्त लगता है और ना ही धूप की जरूरत होती है। आइए जानते हैं सर्दियों में फटाफट अचार बनाने की आसान विधि।

### अचार बनाने के लिए सामग्री

दो गाजर कद्दूकस किए हुए, एक मूली कद्दूकस की हुई, (चाहे तो पतले और छोटे टुकड़ों में भी काट सकते हैं) एक चम्मच अदरक कद्दूकस किया हुआ नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, आधा चम्मच सौंफ, चुटकीभर मेथी दाना, दो चम्मच सरसों का तेल, एक-दो चम्मच सिरका।

### अचार बनाने की विधि

स्टेप 1- सबसे पहले गाजर और मूली को अच्छी तरह से धोकर छील लें। अब इसे कद्दूकस कर लें।

स्टेप 2- एक बड़े बर्तन में कद्दूकस किया हुआ गाजर और मूली एकत्र करके उसमें स्वादानुसार नमक, चुटकी भर हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, सौंफ, मेथी दाना और अदरक डालकर अच्छे से मिला लें।

स्टेप 3- एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें। इसमें थोड़ा सा मेथी दाना डालकर भूनें। जब तेल गर्म हो जाए और मेथी दाना हल्का सुनहरा हो जाए तो इसमें मूली और गाजर का मिश्रण मिलाएं।

स्टेप 4- ऊपर से सिरका डालकर अच्छी तरह से मिला लें। तेल और सिरका अचार को जल्दी पका देंगे और इसमें ताजगी भी बनी रहेगी।

स्टेप 5- जब सभी सामग्री अच्छे से मिल जाए और मसाले व तेल गाजर-मूली के टुकड़ों में अच्छे से समा जाए तो समझिए अचार तैयार है।

इसे आप तुरंत खाने के साथ सर्व कर सकते हैं। आप चाहें तो इसे कुछ घंटों के लिए रख भी सकते हैं। बिना फ्रिज में स्टोर किए ये अचार एक हफ्ते तक ठीक रहता है। लेकिन अगर लंबे समय तक स्टोर करना हो, तो इसे एयरटाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज में रख सकते हैं।

## घर पर हमेशा हंसते हुए लाफिंग बुद्धा क्यों रखे जाते हैं, जानिए इसके बारे में



लाफिंग बुद्धा को फेंगशुई परंपराओं में खुशी, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। उनका सदैव मुस्कुराता हुआ चेहरा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और उनकी प्रसन्न मुद्रा घर एवं कार्यस्थल में शुभता लाने का संकेत देती है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि लाफिंग बुद्धा हमेशा हंसता हुआ क्यों रखना चाहिए? क्यों हैं? उनकी हंसी केवल एक भाव नहीं हैं, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रतीकात्मकता रखती है। उनकी मुस्कान संतोष और आंतरिक शांति का प्रतीक है, जो यह दिखाती है कि सच्चा आनंद भौतिक सुखों पर निर्भर नहीं होता, बल्कि आत्मिक संतुष्टि में निहित होता है। फेंगशुई के अनुसार, उनका हंसमुख चेहरा नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मकता और सौभाग्य को आमंत्रित करता है। इसके अलावा, मान्यता है कि उनके पेट से सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इस तरह लाफिंग बुद्धा न केवल खुशी का प्रतीक माना जाता है, बल्कि हमें जीवन को हल्केपन और प्रसन्नता से जीने की प्रेरणा भी देते हैं। यही नहीं लाफिंग बुद्धा को घर की सही दिशा में रखने से जीवन में सदैव समृद्धि बनी रहती है। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें इसके बारे में कि घर पर हमेशा ऐसा लाफिंग बुद्धा क्यों रखना चाहिए जो हंसता हुआ दिखाई दे। लाफिंग बुद्धा की मुस्कान केवल खुशी का प्रतीक नहीं है, बल्कि इसमें गहरी आध्यात्मिक और दार्शनिक मान्यताएं छिपी हुई हैं। लाफिंग बुद्धा को आंतरिक शांति और संतोष का प्रतिनिधित्व करते हुए देखा जाता है। उनकी हंसी पूर्ण आत्मसंतोष को दर्शाती है, जो भौतिक इच्छाओं और चिंताओं से मुक्त होती है। फेंगशुई सिद्धांतों के अनुसार, लाफिंग बुद्धा की उपस्थिति नकारात्मक ऊर्जा को दूर करती है और घर व कार्यस्थल में सकारात्मकता का संचार करती है।


उनकी मुस्कान इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची खुशी बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। हंसी और आनंद को ज्ञान प्राप्ति का एक आवश्यक तत्व माना गया है। लाफिंग बुद्धा की हमेशा प्रसन्न मुद्रा इस बात को दिखाती है कि वास्तविक आनंद बाहरी भोगों में नहीं, बल्कि मानसिक शांति में होता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# आखिर कौन है यह मॉडल, जिसने ग्रैमी अवार्ड में बोल्ड लुक से मचाया बवाल



हाल ही में ग्रैमी अवाड्र्स में अपने बोल्ड ड्रेस को लेकर चर्चा में आने वाली बियांका सेंसरी ने पूरी मीडिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है, इनके कपड़ों के लिए इन्हें शो से बाहर कर दिया गया था। आइए जानते हैं आखिर कौन हैं यह बियांका सेंसरी।

वायरल वुमेन बियांका सेंसरी अस्ट्रेलिया के मेलबर्न की रहने वाली हैं, वहीं उनका जन्म भी हुआ। इन्होंने मेलबर्न विश्वविद्यालय से वास्तुकला में स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई की है। बियांका एक इंटरव्यू में बताती हैं बचपन से ही वह रचनात्मक और कलात्मक रही हैं। कान्ये वेस्ट के साथ आने के पहले इनका करियर वास्तुकला में सफलताओं से भरा था, कई कंपनियों के साथ भी ये काम कर चुकी हैं। इसके बाद यीजी में बियांका ने कान्ये के फैशन और डिजाइन वाली कंपनी में काम किया और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

किम कार्दशिन से तलाक के बाद बियांका सेंसरी ने 2024 में गुप्त रूप से कान्ये वेस्ट, जिन्हें अब 'ये' नाम से जाना जाता है से शादी कर ली थी। बताया जाता है इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई कि ये दोनों पति-पत्नी है। कान्ये वेस्ट एक रैपर गायक है, जिन्हें इस साल के ग्रैमी पुरस्कार में इनके 'कार्निवल' गीत को सर्वश्रेष्ठ रैपर गीत के रूप में नामांकित किया गया था।

लॉस एंजेलिस में बीते 2 फरवरी को 67वें ग्रैमी अवाड्र्स का आयोजन किया गया था। रैपर कान्ये वेस्ट और उनकी पत्नी मॉडल बियांका सेंसरी बिन बुलाए पांच लोगों से पहुंच जाती हैं।

### टॉलीवुड

# 'कन्नप्पा' में प्रभास का लुक आया सामने रुद्र की अनोखी भूमिका में आएंगे नजर



हाल ही में साउथ एक्टर प्रभास ने फिल्म 'कन्नप्पा' में अपना लुक फोटो शेयर किया है। प्रभास के इस लुक को देखकर उनके फैंस ने भी रिएक्शंस दिए हैं। माइथोलॉजिकल फिल्म 'कन्नप्पा' में प्रभास, रुद्र की भूमिका निभाने वाले हैं। अपने फर्स्ट लुक के साथ प्रभास ने एक खास मैसेज भी अपने फैंस के साथ साझा किया है। इस साल प्रभास फिल्म 'राजा साहब' में नजर आएंगे। लेकिन इससे पहले वह फिल्म 'कन्नप्पा' में नजर आएंगे। इसमें वह रुद्र नाम का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में लीड रोल में विष्णु मांचू हैं। इस फिल्म में प्रभास का लुक कैसा होगा, इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस को दी है। प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें वह फिल्म 'कन्नप्पा' में रुद्र की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस किरदार में उनका लुक काफी हटकर नजर आ रहा है। अपनी पोस्ट के साथ प्रभास ने एक कैप्शन भी लिखा है- ' मेरा किरदार रुद्र फिल्म 'कन्नप्पा' में शक्ति और ज्ञान का अवतार है। यह फिल्म भक्ति, त्याग और प्रेम की एक अनोखी यात्रा है। इस कहानी का हिस्सा बनने के लिए हमारे साथ शामिल हो जाइए। 25 अप्रैल को 2025 को 'कन्नप्पा' सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' आगे प्रभास हर हर महादेव का हैशटैग भी लिखते हैं। प्रभास का रुद्र का लुक उनके फैंस को भी पसंद आया है। एक्टर की पोस्ट पर फैंस ने उन्हें सिनेमा का किंग कहा। साथ ही रुद्र की भूमिका में प्रभास को देखने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित दिखे। कई फैंस ने भी हर हर महादेव अपने कमेंट में लिखा और प्रभास को सपोर्ट किया। फिल्म 'कन्नप्पा' की कहानी की बात की जाए तो यह एक माइथोलॉजिकल फिल्म है, इसका डायरेक्शन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। विष्णु मांचू ने कन्नप्पा की भूमिका निभाई है, जो भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त है।

### भोजपुरी

# 'काला ओढ़नी' में पवन की एंट्री 'सिंघम' से भी खतरनाक, गुंडों के छुड़ाए छक्के



भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह ने वाकई गर्दा उड़ा दिया है। उनका नया गाना 'काला ओढ़नी' रिलीज हो गया है और आते ही धमाल मचा रहा है। लॉँच होते ही इस गाने को डेढ़ घंटे में ही 2.55 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। इस गाने का म्यूजिक वीडियो किसी खतरनाक एक्शन मूवी जैसा है, जिसे देखकर आप खूब सीटियां बजाने वाले हैं।

'ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन- भोजपुरी' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज इस गाने में पवन सिंह के साथ क्वीन शालिनी नजर आ रही हैं। साथ में विकास मेहता और संजय वर्मा भी हैं।एक दिन पहले इस गाने का टीजर रिलीज हुआ था और तभी लगा था कि यह गाना धमाकेदार होगा।

'काला ओढ़नी' गाने को पवन सिंह ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गीत के बोल प्रिंस प्रियदर्शी ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक प्रियांशु सिंह ने दिया है। इस गाने की खास बात है इसका फिल्मों जैसा ग्रैंड म्यूजिक वीडियो, जिसमें एक्शन भी है, रोमांस भी और दमदार डायलॉग्स भी।

म्यूजिक वीडियो की शुरुआत पवन सिंह की धमाकेदार एंट्री से होती है। वह टाटा सफारी एसयूवी में सवार होकर सिंघम स्टाइल में आते हैं। उन पर गोलियों की बौछार हो रही है। वह स्टाइल से दरवाजा तोड़कर सामने आते हैं।




भारतीय फैशन को आमतौर पर कपड़ों को कैनवास पर रची गई खुबसूरत पेंटिंग की तरह रचा गया माना जाता है, जिसमें चटख रंगों की प्रधानता होती है। इसमें परंपरा और आधुनिकता का एक सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। आपके व्यक्तित्व को आपके पहनावे के ताने-बाने में बुनने में भारतीय फैशन का जवाब नहीं है।

# चेहरे की झुर्रियां कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं चावल का पानी, एक्सपर्ट से जानें फायदे

हम सभी यंग दिखना पसंद होता है। इसलिए हम एक्सपर्ट से सलाह लेकर अलग-अलग ट्रीटमेंट के बारे में पूछते हैं, ताकि स्किन पर झुर्रियां नजर न आए। लेकिन इन सभी चीजों से बेहतर होता घरेलू नुस्खा। घर में कई सारी ऐसी चीजें रखी होती हैं, जिसके इस्तेमाल से आप अपनी स्किन को हेल्दी रख सकती हैं। डॉक्टर स्वाति ने एक ऐसे ही नुस्खे को शेयर किया है। जिसे ट्राई करके आप अपनी स्किन को हेल्दी रख सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस चीज को आप अपने चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं।

### चावल के पानी से बनाएं टोनर

आप अपनी स्किन को हाइड्रेट और टाइट रखना चाहती हैं, तो ऐसे में आप अपनी स्किन पर चावल क पानी का टोनर बनाकर इसे लगा सकती हैं। टोनर आपकी स्किन को टाइट रखता है। साथ ही, इससे स्किन फ्रेश नजर आती है। इसके लिए आपको चावल को एक रात पहले भिगोकर रखना है। फिर इसके पानी को छान लेना है। अब इसमें गुलाब जल को मिक्स करना है। इसके बाद स्प्रे बोतल में स्टोर करके चेहरे पर लगाना है। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहेगी।

### चावल के पानी का मास्क

आप अपनी झुर्रियों वाली स्किन के लिए चावल के पानी से मास्क बना सकती हैं। इसके लिए आपको चावल के पानी को छानकर अलग



करना है। अब इसमें मार्केट से मिला मास्क को डीप करना है और चेहरे पर लगाना है। इसे सूखने दें। इसके बाद चेहरे से इसे हटाएं और मसाज करें। इससे आपकी स्किन अंदर से हाइड्रेट हो जाएगी। इसे लगाने से चेहरे पर झुर्रियां भी नजर नहीं आएंगी।

### चावल के पानी से साफ करें चेहरा

अगर आपके पास समय नहीं है कि टोनर और मास्क बनाएं तो ऐसे में आप चावल के पानी को स्टोर करके रखें। हर सुबह चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने के बाद इस पानी से चेहरे को साफ करें।

# स्टाइल करें ये इंडो वेस्टर्न आउटफिट्स भीड़ में भी नजरें टिक जाएंगी आप पर





फरवरी का महीना हर किसी को एक्साइडेट कर देता है। इस महीने में 1 हफ्ता ऐसा होता है, जिस हर कोई अपने पार्टनर के लिए स्पेशल बनाने की कोशिश करता है। कोई अपने पार्टनर के लिए डेट प्लान करता है, तो कुछ लोग अच्छे से तैयार होकर अपने पार्टनर को खुश करने की कोशिश करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अच्छी ड्रेस और लुक से इंप्रेशन अच्छा पड़ता है। ऐसे में आप भी अपने पार्टनर को खुश करने के लिए अलग तरह के आउटफिट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप इंडो वेस्टर्न के ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं।



### को ऑर्ड सेट करें स्टाइल

सुंदर दिखना और पार्टनर से तारीफ चाहिए तो इसके लिए आप वेलेंटाइन डे पर रेड की जगह पर ऐसे कलर के आउटफिट को स्टाइल करें जो दिखने के साथ-साथ पहननें में भी स्टाइलिश लगे। इसके लिए आप को ऑर्ड सेट को वियर कर सकती हैं। इस फोटो में आउटफिट को बेहद खूबसूरत पैटर्न में तैयार किया गया है। जिसे आप जब ज्वेलरी के साथ स्टाइल करेंगी, तो अच्छी नजर आएंगी। इस तरह के आउटफिट आप प्रिंटेड पैटर्न के साथ-साथ प्लेन डिजाइन में भी ले सकती हैं। वेलेंटाइन लुक के लिए हर डिजाइन अच्छा लगेगा।



### स्लिट कट स्कर्ट विद टॉप

आप अगर अपने पार्टनर के साथ कोई पार्टी प्लान कर रही हैं, तो उसमें पहनने के लिए आप स्लिट कट स्कर्ट विद टॉप को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में भी आप खूबसूरत नजर आएंगी। इसमें आपको ऊपर का टॉप प्लेन और प्रिंटेड दोनों मिल जाएगा। साथ में स्कर्ट भी आप किसी भी पैटर्न में ले सकती हैं। अगर आपको फिटिंग की प्रॉब्लम आती है, तो ऐसे में आप इसे कपड़ा लेकर भी डिजाइन करा सकती हैं। इससे आप अच्छी भी लगेंगी। साथ ही, नए पैटर्न को ट्राई कर पाएंगी।

# लंबी गर्दन के लिए बेस्ट हैं ये चेन सेट आपके लुक को बना देगा परफेक्ट

जब भी हम किसी पार्टी या फंक्शन के लिए आउटफिट को स्टाइल करने के बारे में सोचते हैं, तो हमेशा एक ही चीज दिमाग में आती है कि कौन सी ज्वेलरी को साथ में पेयर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक में कुछ नया डिजाइन ऐड हो जाता है। लेकिन इसमें दिक्कत तब आती है, जब हम अपनी गर्दन का ध्यान रखे बिना ज्वेलरी को खरीद लेते हैं। इससे लुक ही खराब हो जाता है। इस बार ऐसी गलती न करें। अगर आपकी गर्दन लंबी है तो इसके के लिए आप चेन सेट को खरीदें। ये आउटफिट के साथ भी अच्छे लगेंगे। साथ ही, लुक में चार चांद लगा देंगे।

### डबल पेंडेट वाला चेन सेट

आप अट्रैक्टिव लुक के लिए डबल पेंडेट सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के पेंडेट सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इससे लुक भी क्रिएटिव नजर आता है। इस तरह के सेट में जो आगे का पेंडेंट होता है वो डबल डिजाइन के साथ होता है। इसके साथ चेन आपको पतली मिलती है। इसलिए ये आपकी नेक पर अच्छा लगता है। इसे आप



किसी भी आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे लुक भी अच्छा लगता है। साथ ही, आप इसे दोबारा भी इस्तेमाल में ला सकती हैं। इस तरह के सेट आपको 200 से 300 रुपये में ऑनलाइन और मार्केट दोनों जगह पर मिल जाते हैं।

### सिंपल डिजाइन वाला चेन सेट

आप अपने लिए सिंपल डिजाइन वाला चेन सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के चेन सेट लंबी गर्दन पर अच्छे लगते हैं। इस तरह के सेट आपको अलग-अलग डिजाइन पैटर्न में मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

# लुक को चेंज करने के लिए कानों में वियर करें ये पर्ल इयररिंग्स, कुछ खास डिजाइंस

आप सुंदर दिखने के लिए पर्ल डिजाइन वाले इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। इयररिंग्स कानों में पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, इससे लुक भी अच्छा नजर आएगा। जब भी किसी पार्टी में जाना होता है, तो हम अपने लिए अलग डिजाइन वाले आउटफिट की शॉपिंग करते हैं। लेकिन जब ज्वेलरी स्टाइल करने की बात आती है, तो इसके लिए हम कुछ अलग डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। इस बार आप आउटफिट के साथ पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी को वियर करें। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आप अच्छी नजर आएंगी।

### पर्ल डिजाइन हूप्स इयररिंग्स

आप लुक को क्लासी और अट्रैक्टिव बनाने के लिए पर्ल डिजाइन वाले हूप्स इयररिंग्स के वियर कर सकती हैं। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों की सुंदरता को बड़ा देंगे। इस तरह के इयररिंग्स में आपको पूरे में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। साथ ही, इसमें कलर



भी आपको अलग-अलग मिल जाएंगे। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह के इयररिंग्स आपको हर के आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी। इसे आप मार्केट से 100 से 200 रुपये में खरीद सकती हैं।

अगर आप क्लासी और एलीगेंट लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप स्टड इयररिंग्स को आप वियर कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

## फैशन का अटूट हिस्सा है सूट, ब्लेजर और कोट

*आज के समय में लोग अलग-अलग मौकों पर तरह-तरह के स्टाइल के कपड़े पहनते हैं। इनमें से कुछ ऐसे ड्रेसेज ऐसे हैं, जो दिखते तो एक जैसे हैं पर वास्तव में उनमें अंतर होता है। ऐसे में, आज हम बात कर रहे हैं- सूट, कोट या फिर ब्लेजर की। अगर आपको इन तीनों में फर्क नहीं पता है, तो चलिए आज हम आपको बताते हैं। फैशन और स्टाइल में जब बात फॉर्मल या सेमी-फॉर्मल वियर की आती है, तो सूट, ब्लेजर और कोट जैसे आउटफिट्स सबसे पहले दिमाग में आते हैं। हालांकि, कई बार लोग इन तीनों में फर्क नहीं समझ पाते और एक जैसे समझकर गलत चुनाव कर लेते हैं।*

# सूट, ब्लेजर और कोट में आपको भी नहीं पता चलता फर्क? जानिए एक-दूजे से ये तीनों हैं बिल्कुल अलग



### सूट कोट और ब्लेजर में क्या अंतर है?

सूट का जैकेट और पैंट हमेशा एक-दूसरे के मैचिंग सेट होते हैं। साथ ही, यह फॉर्मल लुक देता है। वहीं, ब्लेजर सेमी-फॉर्मल लुक के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसे कैडुअल अपीयरेंस और अलग-अलग कलर ऑप्शन के साथ पहना जा सकता है। जबकि, विंटर प्रोटेक्शन के लिए पहने जाने वाले जैकेट को कोट कहते हैं। यह लॉन्ग और किसी भी रंग की हो सकती है। कोट किसी भी ड्रएस फॉर्मल या अनफॉर्मल के साथ भी पहना जा सकता है।

### सूट हो सकता है एक परफेक्ट फॉर्मल वियर

सूट एक कंप्लीट फॉर्मल आउटफिट होता है, जिसमें एक मैचिंग जैकेट और पैंट का सेट शामिल होता है। यह कॉर्पोरेट मीटिंग्स, ऑफिस वियर, वेडिंग्स और अन्य फॉर्मल इवेंट्स के लिए एकदम परफेक्ट माना जाता है। सूट के जैकेट और पैंट का फैब्रिक और पैटर्न एक जैसा होता है। इसे शर्ट, टाई और फॉर्मल शूज के साथ पहना जाता है। इसमें सिंगल-ब्रेस्टेड और डबल-ब्रेस्टेड डिजाइन होते हैं।

### ब्लेजर देता है कैज़ुअल और सेमी-फॉर्मल लुक

ब्लेजर एक प्रकार की जैकेट होती है, जो सूट जैकेट से अलग होती है। इसे पैंट, जींस या चिनोज के साथ पहना जा सकता है। ब्लेजर और पैंट का फैब्रिक अलग-अलग हो सकता है। यह सूट जैकेट से हल्का और कैजुअल टच देने वाला होता है। इसमें ब्राइट और बोल्ड कलर्स ज्यादा देखने को मिलते हैं। यह सेमी-फॉर्मल इवेंट्स, पार्टीज और आउटिंग्स या कॉलेज फंक्शन्स के लिए बेस्ट होता है।

### कोट के बारे में जानें

कोट एक विंटरवेयर आउटफिट है, जिसे ठंड से बचाव के लिए पहना जाता है। यह लंबा होता है और इसे सूट या कैजुअल कपड़ों के ऊपर पहना जा सकता है। कोट का फैब्रिक मोटा और गर्माहट देने वाला होता है। यह घुटनों तक या उससे लंबा हो सकता है। इसमें ट्रेंच कोट, पी कोट और ओवरकोट जैसे कई वैरायटीज होती हैं। इसे विंटर सीजन में स्टाइलिश और प्रोटेक्टिव लेयरिंग के लिए पहना जाता है।